हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7
बढ़ते भारत की आवाज

मिल्कियाना®
Balanced Cattle Feed
Presents

कृषि संवाद

Agriculture Canclave 2026



Thursday, 22 Oct 2026

Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

NABARD

aries agro limited

KSC TECHNO PVT. LTD.
Pioneering a Digital Revolution

Health Partner
ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA

tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति

AVK™

ए.एन.आटोमोबाईल

AANDRAYA ENTERPRISES

छत्तीसगढ़ में तृतीय-चतुर्थ श्रेणी भर्ती के लिए न्यूनतम आयु तय, 18 और 21 वर्ष के दो मानक लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने विभिन्न विभागों में सीधी भर्ती से भरे जाने वाले तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों के लिए न्यूनतम आयु सीमा निर्धारित कर दी है। सामान्य प्रशासन विभाग के 12 अक्टूबर 2026 के आदेश के अनुसार, भर्ती के सात समूहों में शामिल पदों के लिए न्यूनतम आयु 18 या 21 वर्ष होगी। इससे अलग-अलग विभागों के सेवा भर्ती नियमों में एक ही पद के लिए न्यूनतम आयु सीमा अलग-अलग होने से पैदा होने वाली कठिनाइयों को दूर करने का प्रयास किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने 9 सितंबर 2026 को जारी आदेश में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों को सात समूहों में वर्गीकृत कर उनकी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निर्धारित की थी। छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल ने शासन के संज्ञान में लाया था कि विभिन्न विभागों में समान पदों के लिए न्यूनतम आयु सीमा अलग-अलग निर्धारित है। इससे संयुक्त भर्ती परीक्षा और अभ्यर्थियों को पद आवंटित करने की प्रक्रिया में कठिनाई होती है।

सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया आदेश, कर्मचारी चयन मंडल को भी आवश्यक निर्देश जारी

किन पदों के लिए कितनी आयु सीमा

आदेश के मुताबिक, समूह-1 में तृतीय श्रेणी की अभियांत्रिकी सेवा, समूह-2 में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के पद तथा समूह-3 में द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी की शैक्षणिक सेवा के पदों के लिए न्यूनतम आयु 21 वर्ष निर्धारित की गई है। वहीं, समूह-4 की वर्दीधारी सेवाओं, समूह-5 की विज्ञान एवं स्वास्थ्य सेवाओं, समूह-6 के हायर सेकेंडरी और हाईस्कूल स्तर के पदों तथा समूह-7 के हाईस्कूल स्तर के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष होगी। हालांकि, समूह-4 और समूह-5 में शामिल ऐसे पद, जिनकी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक या उससे अधिक है, उनके लिए न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष रहेगी।



विज्ञापन जारी होने वाले वर्ष की 1 जनवरी से होगी गणना

सरकार ने आयु की गणना के लिए भी स्पष्ट व्यवस्था की है। अभ्यर्थी को भर्ती विज्ञापन जारी होने वाले वर्ष की 1 जनवरी को निर्धारित न्यूनतम आयु पूरी करनी होगी। उदाहरण के तौर पर, वर्ष 2026 में जारी होने वाले विज्ञापनों के लिए आयु की गणना 1 जनवरी 2026 की स्थिति में की जाएगी। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। इसके साथ ही संबंधित शासकीय विभागों के सेवा भर्ती नियमों में आवश्यक संशोधन स्वतः प्रभावी माने जाएंगे। सरकार ने छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल को इसके अनुरूप आवश्यक कार्रवाई करने की अनुमति भी दी है।

आरआरसी प्रकरणों में सख्ती से वसूली करने के निर्देश

रायपुर। कलेक्टर गौरव सिंह ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों के कार्यों और लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विवादित व अविवादित नामांतरण, बंटवारा, डायवर्सन और सीमांकन के मामलों का समय-सीमा के भीतर त्वरित निराकरण करने तथा आरआरसी प्रकरणों में सख्ती से वसूली करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से जुड़े कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने आरबीसी 6-4 के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा और कार्यालयों व परिसरों में खड़े वाहनों की नीलामी प्रक्रिया को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

एसआईआर पर कांग्रेस-भाजपा आमने-सामने

24.99 लाख नाम हटाने पर सियासी संग्राम

हरिभूमि न्यूज⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद मतदाता सूची से नाम हटाने के मुद्दे पर कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने आ गई हैं। पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर ने मतदाता सूची से बड़ी संख्या में नाम विलोपित किए जाने पर सवाल उठाते हुए शिफ्टेड और एब्सेंट श्रेणी के मतदाताओं की सूची सार्वजनिक करने की मांग की है। वहीं, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने कांग्रेस के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा, पुनरीक्षण की प्रक्रिया पारदर्शी और आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी की गई है। मोहम्मद अकबर ने कहा, देश में भारत निर्वाचन आयोग है, न कि भारत सरकार निर्वाचन आयोग। उन्होंने सवाल उठाया कि निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठने पर आयोग की ओर से जवाब देने के बजाय सरकार के प्रवक्ता क्यों सामने आते हैं। उनके अनुसार, निर्वाचन आयोग एक स्वतंत्र संवैधानिक संस्था है और उसकी निष्पक्षता बनाए रखना लोकतंत्र के लिए जरूरी है।

- शिफ्टेड-एब्सेंट मतदाताओं की सूची सार्वजनिक करें- अकबर
- भाजपा बोली- प्रक्रिया पूरी होने के बाद क्यों जागी कांग्रेस?

कांग्रेस ने उठाए सवाल

अकबर ने दावा किया कि एसआईआर के बाद अंतिम मतदाता सूची से 24 लाख 99 हजार 823 नाम हटाए गए हैं, जबकि वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच कुल मतों का अंतर 6 लाख 32 हजार 382 था। उन्होंने कहा कि इनमें 19 लाख 13 हजार 540 मतदाताओं को शिफ्टेड या एब्सेंट श्रेणी में रखा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि रोजगार, कामकाज और शिक्षा के कारण घर पर अनुपस्थित रहने वाले लोगों के नाम हटने से मताधिकार प्रभावित हो सकता है।



भाजपा का पलटवार, दावा आपत्ति पर उठाए सवाल

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने कहा, कांग्रेस चुनावी हार के बाद संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर अपनी राजनीतिक नाकामी छिपाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने दावा किया कि शिफ्टेड, एब्सेंट और अन्य श्रेणियों की सूची जिला, विधानसभा और बूथ स्तर पर उपलब्ध कराई गई थी तथा दोनों दलों के बूथ लेवल एजेंटों ने इसे स्वीकार किया था। उन्होंने सवाल किया कि जब दावा-आपत्ति के लिए निर्धारित समय दिया गया था, तब मोहम्मद अकबर ने समय रहते आपत्ति क्यों नहीं दर्ज कराई?



जिला सहकारी बैंक के कर्मचारियों को वेतन वृद्धि नहीं मिलने पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस मुख्य प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी ने रायपुर जिला सहकारी बैंक सीईओ अपेक्षा व्यास, अध्यक्ष निरंजन सिन्हा पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा, जिला सहकारी बैंक रायपुर के 700 कर्मचारियों को विगत कई वर्षों से वेतन वृद्धि नहीं दी जा रही है। केंद्र की भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण महंगाई के इस दौर में कर्मचारियों को परिवार चलाना अत्यंत कठिन हो गया है।

- 215 करोड़ रुपए का लाभांश दिखाने के दावे के बीच कर्मचारियों के वेतन बढ़ाने की मांग

कांग्रेस मुख्य प्रवक्ता तिवारी ने कहा, रायपुर जिला सहकारी बैंक में तीन वर्षों से अधिक समय से जमी बैठी सीईओ अपेक्षा व्यास एवं बैंक अध्यक्ष निरंजन सिन्हा 700 कर्मचारियों का हक अधिकार मारकर वर्ष 2025-26 में 215 करोड़ लाभांश दिखाकर झूठी वाहवाही लूटने में लगे हैं। कांग्रेस मुख्य प्रवक्ता ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में सिर्फ रायपुर जिला सहकारी बैंक ही है जो अपने कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ नहीं दे रही है। वहीं दूसरी ओर राजनांदगांव, दुर्ग, बस्तर, अंबिकापुर, बिलासपुर, इन सभी जिलों मे कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ दिया जा रहा है।

पीएम मोदी देश में नील क्रांति के सूत्रधार : कर्मवीर सिंह



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में मंगलवार को मछुआरा प्रकोष्ठ की बैठक में भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आधुनिक भारत में नील क्रांति के सूत्रधार हैं।

श्री सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री जी ने मछुआरा समाज के कल्याण के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार मछुआरों के लिए अलग मंत्रालय का गठन, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा और मछुआरों के लिए बीमा योजना जैसी ऐतिहासिक पहल प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ही संभव हुई है। आज छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के मछुआरे आत्मनिर्भर बन रहे हैं और उनकी आय में कई गुना वृद्धि हुई है। भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रदीप कैवर्त्य ने कहा, मछुआरा प्रकोष्ठ को बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना है और केंद्र एवं राज्य सरकार की मछुआरा हितैषी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, डॉ. नवीन मार्कण्डेय, प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक चुन्नी लाल साहू, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू राम निषाद,मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी कृष्ण बिहारी जायसवाल एवं मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं विशेष आमंत्रित सदस्य उपस्थित रहे।

- भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री मछुआरा प्रकोष्ठ की बैठक में हुए शामिल

एक-एक अपर आयुक्त और उपायुक्त तथा 5 जोन आयुक्तों के तबादले

रायपुर। नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने मंगलवार को प्रशासनिक कार्यों में कसावट लाने 5 जोन आयुक्तों के तबादले किए हैं। इसके मुताबिक नगर निगम जोन 3 की आयुक्त प्रीति सिंह अब जोन 6 आयुक्त होंगी। नगर निगम जोन 5 में पदस्थ कमिश्नर खीरसागर नायक को जोन 3 का कमिश्नर के रूप में पदस्थापना दी गई है। वहीं जोन 6 के कमिश्नर हितेंद्र यादव नए आदेश के बाद जोन 9 के कमिश्नर होंगे। जोन 9 में पदस्थ कमिश्नर राकेश शर्मा को जोन 5 में कमिश्नर की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि नगर निगम जोन 10 के कमिश्नर मोनेश्वर साहू की जगह मुख्यालय में पदस्थ उपायुक्त रुचि शर्मा जोन 10 आयुक्त का कार्य देखेंगी। उन्हें शहरी गरीब उपशमन, एनयूएलएम,पीएम स्वनिधि, उद्यान एवं संस्कृति, पर्यटन और खेलकूद एवं कल्याण संघ के प्रभारी अपर आयुक्त की जिम्मेदारी भी मिली है। मोनेश्वर शर्मा को उपायुक्त, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास मुख्यालय में नई पदस्थापना दी गई है।

- निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने जारी किया आदेश

निगम आयुक्त संबित मिश्रा द्वारा अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक जिन अधिकारियों की नई पदस्थापना और कार्य आबंटन किया गया है उनमें निगम मुख्यालय में पदस्थ अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू को वर्तमान प्रभारों में से केवल प्रधानमंत्री आवास योजना, आरडीयूपीएसएस, आईएसबीटी, शहरी गरीबी उपशमन, एनयूएलएम, पीएम स्वनिधि के प्रभार से मुक्त किया गया है। शेष प्रभार यथावत रहेंगे।

पंकज शर्मा अपर आयुक्त रायपुर नगर निगम को वर्तमान प्रभारों में से आईटी, नगर निवेश शाखा और शिकायत शाखा के प्रभार से मुक्त किया गया है। उनका शेष प्रभार पूर्ववत रखा गया है। इसी तरह मुख्यालय में प्रदस्थ प्रभारी अपर आयुक्त विनोद पांडे को वर्तमान प्रभारों में से केवल 15 वां वित्त आयोग,उद्यान एवं संस्कृति पर्यटन, खेलकूद और युवाा कल्याण प्रभार से मुक्त किया गया है। शेष प्रभार पूर्व की तरह रहेंगे। उपायुक्त संजय सिंह सोनवानी को वर्तमान प्रभारों में से केवल महिला बाल विकास के प्रभार से मुक्त किया गया है, शेष प्रभार यथावत रहेंगे। इसी तरह उपायुक्त जसदेव सिंह बाबरा को वर्तमान प्रभारों में से केवल खेल एवं युवा कल्याण विभाग से प्रभार से मुक्त किया गया है।

नए अपर आयुक्त रवि राही को मिला ये प्रभार

रायपुर नगर निगम में नए अपर आयुक्त के रूप में रवि राही को निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने प्रधानमंत्री आवास योजना, आरडीयूपीएसएस, आईएसबीटी, आईटी, नगर निवेश शाखा, शिकायत शाखा के अलावा 15वां और 16 वित्त आयोग के प्रभार के साथ ही एनडीएमए और अर्बन चैलेंज फंड की जिम्मेदारी दी है।



तापमान

अधिकतम 32.5 डिग्री

न्यूनतम 22.1 डिग्री

हरिभूमि

रायपुर भूमि

रायपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

2 पीएम मोदी देश में नील क्रांति के सूत्रधार : कर्मवीर सिंह



2 छत्तीसगढ़ में तृतीय-चतुर्थ श्रेणी भर्ती के लिए...



ओपन परीक्षा में 10वीं,12वीं पास छात्र-छात्राओं के लिए रोजगारमुखी प्रशिक्षण फायर सेफ्टी के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क करें: मो. 7697212782

Advt.



खबर संक्षेप

32 पाव देशी शराब के साथ गिरफ्तार

रायपुर। डीडी नगर पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रायपुरा अंडरब्रिज के पास रोहन शर्मा निवासी इन्द्रप्रस्थ फेस-2 को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 32 पाव रोमियो देशी शराब जब्त की है, जिसकी कीमत 3200 रुपए है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

17 ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई



रायपुर। स्कूली ऑटो में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने वाले वाहन चालकों पर यातायात पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए चालानी कार्रवाई की है। स्कूली छात्र-छात्राओं के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने तथा स्कूली वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर परिवहन करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस कमिश्नरेट रायपुर ने विशेष जांच एवं कार्रवाई अभियान चलाया। इस दौरान 17 ऑटो चालकों में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने पर उनका चालान काटा गया।

छग नगर स्थित सरस्वती शिक्षा मंदिर में पढ़ती थी छात्रा

घरवाले थे दुर्गा पंडाल में, फांसी में झूल गई 8वीं की छात्रा, स्कूल पर प्रताड़ना का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में 8वीं कक्षा की एक छात्रा द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। छात्रा के अभिभावक दुर्गा पंडाल में पूजा के लिए गए हुए थे। छात्रा घर में अकेली थी। इस दौरान ही फंदे पर झूलकर उसने अपनी जान दे दी। यह घटना सोमवार शाम करीब 6:45 बजे की है। जब परिजन दुर्गा पंडाल से लौटे तो उन्होंने अपनी बच्ची को फंदे से लटकता हुआ देखा। उसे तुरंत नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थी। पालकों ने शाला प्रबंधन पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए टिकरापारा थाने में इसे लेकर शिकायत की है। छात्रा छत्तीसगढ़ नगर स्थित सरस्वती शिक्षा मंदिर में पढ़ती थी। परिजनों का आरोप है कि स्कूल में छात्रा को डांटा-फटकारा गया और मानसिक रूप से परेशान किया गया। इस प्रताड़ना के कारण बच्ची ने खुदकुशी की है। शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

- **छात्रा को डांटने-फटकारने व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप**

परिजनों का आरोप है कि स्कूल में छात्रा को शिक्षकों द्वारा बुरी तरह डांटा-फटकारा गया था। स्कूल से घर लौटने के बाद छात्रा बेहद डरी हुई और गुमसुम थी। परिजनों का कहना है कि स्कूल प्रबंधन की कार्यप्रणाली और अनुचित व्यवहार के कारण छात्रा अत्यधिक मानसिक तनाव में आ गई थी। अभिभावकों ने निष्पक्ष जांच और दोषी शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

सहपाठियों से भी पूछताछ

घटना की सूचना मिलते ही टिकरापारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। टिकरापारा थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि आठवीं कक्षा की छात्रा द्वारा खुदकुशी का मामला दर्ज कर मर्ग कायम किया गया है। पुलिस परिजनों और स्कूल प्रबंधन दोनों के बयान दर्ज कर रही है। सहपाठियों से भी पूछताछ की जा रही है कि स्कूल में वास्तव में क्या हुआ था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट और तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

पार्षद सहित पालकों ने घेरा स्कूल

मंगलवार को पूर्व पार्षद देवेंद्र यादव सहित अन्य विद्यार्थियों के पालक शाला परिसर पहुंचे। यहां दोषी शिक्षकों पर कार्रवाई की मांग को लेकर पालक हंगामा करते रहे। पूर्व पार्षद देवेंद्र यादव ने कहा, शनिवार को स्कूल में पैरेंट्स-टीचर मीटिंग थी। इसमें आकांक्षा सेन के पिता भी पहुंचे थे। इस दौरान उनसे इस मामले पर कोई बात नहीं की गई। सोमवार को बच्चियों को फिर बुलाकर कहा गया कि वे अपने माता-पिता को लेकर नहीं आई हैं। इसके बाद सोमवार शाम करीब 4 बजे आकांक्षा की मां स्कूल पहुंचीं, लेकिन उनसे मुलाकात तक नहीं की गई। उन्हें गेट से ही वापस भेज दिया गया।

बुलाया गया था पालकों को

छात्रा ने यह कदम सोमवार देर शाम उठाया। इसके पूर्व पालकों को विद्यालय बुलाए जाने की बात सामने आई है। स्कूल प्रबंधन के मुताबिक, शुक्रवार (9 अक्टूबर) को लंच के दौरान खेलते समय 8वीं क्लास की 4 बच्चियों ने स्कूल की एक शिक्षिका के लिए अपशब्द कहे थे। जिसमें आकांक्षा भी शामिल थी। ये बात छठवीं के कुछ बच्चों ने सुनी और इसकी शिकायत शिक्षिका से की। शिक्षिका के शिकायत के बाद प्रिंसिपल ने चारों बच्चियों को बुलाकर इस बारे में पूछा। शाला प्रबंधन के अनुसार, प्राचार्य ने उनसे पूछा कि क्या उन्होंने शिक्षिका के लिए किसी तरह के दुख पहुंचाने वाले शब्दों का प्रयोग किया? बच्चियों को शिक्षकों और बड़ों का सम्मान करने की समझाइश भी दी। बच्चियां चुप रहीं और उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद बच्चियों को अगले दिन अपने माता-पिता के साथ स्कूल आने के लिए कहा गया था। शाला प्रबंधन ने बच्चियों को प्रताड़ित करने के आरोप से इनकार किया है। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि किसी को प्रताड़ित नहीं किया गया, बल्कि नियमों के तहत परिजनों को बच्चियों के व्यवहार से अवगत कराया गया था।

सराफा व्यापारी से दो महिलाओं ने की 1.88 करोड़ की ठगी, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में सराफा व्यापारी से ठगी करने वाली एक महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला ने नगर निगम रायपुर के आवास विभाग की कर्मचारी बनकर सराफा कारोबारी को अपने विश्वास में लिया और फिर अपनी साथी महिला के साथ मिलकर उससे 1 करोड़ 88 लाख रुपए के जेवरात खरीदकर गलत हस्ताक्षर वाला चेक थमा दिया, जो बाउंस हो गया। पुलिस की जांच में इस मामले ⏭शेष पेज 6 पर



चेक बाउंस होने के बाद रुपए लौटाने में आनाकानी

महिलाओं ने सराफा व्यापारी को 15 लाख रुपए का चेक दिया था। यह चेक भी गलत हस्ताक्षर के कारण बाउंस हो गया। चेक बाउंस होने के बाद रिखब ने जब किरण को इसकी जानकारी देकर रुपए लौटाने की बात कही, तो वह पहले आनाकानी करने लगी और फिर कॉल ⏭शेष पेज 6 पर

विसर्जन कुंड में 2 मोटर पंप लगाकर खारुन नदी से भरा जा रहा स्वच्छ पानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के रायपुरा क्षेत्र स्थित महादेवघाट के समीप बनाए गए विसर्जन कुंड की सफाई पूरी होने के बाद सोमवार से जोन 8 कमिश्नरी ने कुंड में खारुन नदी के साफ पानी को मोटर पंप लगाकर भरने का काम शुरू करा दिया है। इसके लिए 2 मोटर पंप चौबीस घंटे नदी से स्वच्छ पानी को विसर्जन कुंड में भरने के लिए लगाए गए हैं। यह कार्य आगामी तीन दिनों तक चलेगा। इसके साथ ही विसर्जन कुंड स्थल सहित आसपास को साफ-सुथरा रखने टीम लगाई गई है। निगम के अपर आयुक्त विनोद पांडे ने कहा है कि 20 ⏭शेष पेज 6 पर

- **जोन 8 कमिश्नरी ने की व्यवस्था, तीन दिनों तक भरा जाएगा कुंड**

भारत-जिम्बाब्वे टी-20 में टिकट बिक्री धीमी, खर्च निकालना बनी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को होने वाले भारत और जिम्बाब्वे के बीच महिला टी-20 मुकाबले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। दोनों टीमें रायपुर पहुंचकर अभ्यास में जुट गई हैं, लेकिन मैच को लेकर दर्शकों में अब तक खास उत्साह नजर नहीं आ रहा है। ऑनलाइन टिकट बुकिंग शुरू होने के दो दिन बाद भी महज 10 प्रतिशत टिकटों की बुकिंग होने की जानकारी सामने आई है। ऐसे में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ, सीएससीएसए ⏭शेष पेज 6 पर

- **नवरात्रि के बीच दर्शकों का रुझान कम, 250 रुपए के सबसे सस्ते टिकट के बावजूद स्टेडियम की 90 प्रतिशत सीटें खाली**



40 हजार से अधिक टिकट बेचने का लक्ष्य

इस मुकाबले के लिए 40 हजार से अधिक टिकट बेचने का लक्ष्य रखा गया है। हालांकि, शुरुआती दो दिनों की बुकिंग को देखते हुए इस लक्ष्य तक पहुंचना चुनौतीपूर्ण नजर आ रहा है। पूरे स्टेडियम की करीब 90 प्रतिशत सीटें खाली होने की जानकारी से टिकट बिक्री की रफ्तार का अंदाजा लगाया जा सकता है। मैच के आयोजन पर होने वाले खर्च की भरपाई के लिए टिकट बिक्री महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

कस्टम मिलिंग घोटाला, कांग्रेस के पूर्व खजांची रामगोपाल को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कस्टम मिलिंग घोटाला में फंसे छत्तीसगढ़ कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की पांच दिन की कस्टडी रिमांड पूरी होने के बाद मंगलवार को विशेष अदालत में पेश किया गया। सुनवाई के बाद अदालत ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का आदेश दिया है। ईडी ने रामगोपाल अग्रवाल को 9 अक्टूबर को गिरफ्तार किया ⏭शेष पेज 6 पर

- **5 दिन की पूछताछ के बाद ईडी ने कस्टडी रिमांड पूरी होने के बाद विशेष कोर्ट में किया पेश**

न्यायिक हिरासत में रहेंगे

कस्टम मिलिंग मामले में 14 दिन की न्यायिक रिमांड के आदेश के बाद अब रामगोपाल अग्रवाल जेल में रहेंगे। न्यायिक हिरासत के दौरान ईडी जरूरत पड़ने पर आगे की पूछताछ के लिए अदालत से अनुमति मांग सकती है।

कस्टम मिलिंग पर मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के नाम पर खेल

खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में धान की कस्टम मिलिंग पर मिलने वाली प्रोत्साहन राशि 40 रुपए से बढ़ाकर 120 रुपए प्रति क्विंटल कर दी गई थी। ईडी की जांच में आरोप लगाया गया है कि इस व्यवस्था के दौरान राइस मिलर्स से कथित तौर पर दो किस्तों में 20-20 रुपए प्रति क्विंटल वसूले गए। एजेंसी का आरोप है कि इस रकम को पार्टी फंड के लिए जुटाने में रामगोपाल अग्रवाल की अहम भूमिका रही है।

बसस्टैंड बना गांजा की तस्करी खरीदी-बिक्री का अड्डा, बस में दूसरे राज्यों से लाया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर का अंतर्राज्यीय बसस्टैंड गांजा की तस्करी एवं खरीदी-बिक्री का अड्डा बन गया है। बसस्टैंड में जहां गांजा की खरीदी-बिक्री होती है, वहीं दूसरे राज्यों से भी गांजा यात्री बसों के माध्यम से यहां लाया जा रहा है। पिछले सालभर में पुलिस बसस्टैंड से गांजा के साथ कई लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इसके बाद भी बसस्टैंड में गांजा की खरीदी-बिक्री और तस्करी के मामले थम नहीं रहे। पुलिस ने मंगलवार को भी बसस्टैंड से एक व्यक्ति को 2.067 किलोग्राम गांजा के साथ पकड़ा है, जिसका बाजार मूल्य 1 लाख 3 हजार रुपए से अधिक है। ⏭शेष पेज 6 पर



कार्रवाई के बाद जांच नहीं, इसलिए गिरोह का खुलासा भी नहीं

अक्सर पुलिस की कार्रवाई में देखा जाता है कि प्रतिबंधित अवैध गांजा समेत अन्य प्रकरणों में जब्ती की कार्रवाई के साथ आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भी भेजा जाता है, लेकिन इन प्रकरणों में इस कारोबार में शामिल लोगों तक पहुंचने की जांच जिस तरह से होनी चाहिए वह होती नहीं। यही कारण है कि यह अवैध कारोबार भी थम नहीं रहा है, जबकि पुलिस भी जानती है कि यह कारोबार के लिए गिरोह काम करता है। गांजा बिक्री करने वालों को इसकी जानकारी होती है कि गांजा किसी स्थान, शहर एवं राज्य से आ रहा है, क्योंकि इस कारोबार में संलिप्त प्रत्येक आरोपी कहीं न कहीं एक-दूसरे से संपर्क में भी रहते हैं, लेकिन इस तरह के ज्यादातर प्रकरणों में देखा जाता है कि आरोपी के जेल जाने के बाद पुलिस द्वारा संबंधित फाइलें क्लोज कर डंप कर दी जाती हैं।

ओड़िशा से लाए जाने का शक

बसस्टैंड में पकड़े गए प्रकरण में भी आरोपी से गांजा जब्त किया गया है। अब उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया जाएगा, लेकिन पुलिस अब तक इस प्रकरण में यह पता नहीं लगा पाई है कि आरोपी अरशद खान 25 वर्ष निवासी चिश्तिया नगर चर्च के पीछे थाना टिकरापारा के कब्जे से जब्त किया गांजा उसके पास कहां से आया है। इतने बड़े पैमाने पर गांजा पकड़े जाने पर पुलिस इस मामले में आशंका जता रही है कि ओड़िशा से गांजा लाकर यहां बेचने की फिराक में घूम रहा था। अगर गांजा ओड़िसा से लाया गया है, तो किसके पास से उसने क्रय किया है। इस संबंध में जांच अभी अधूरी है।



हरिभूमि

रायपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

सिटी इवेंट

गरबा से बांधा समां, नमोकार खंडेलवाल महिला मंडल का उत्सव



रायपुर। नमोकार खंडेलवाल महिला मंडल की ओर से आयोजित गरबा उत्सव संपन्न हुआ। कार्यक्रम में करीब 70 महिलाओं ने भाग लिया। रंग-बिरंगे परिधानों, गरबा नृत्य, कैटवॉक और मनोरंजक खेलों ने आयोजन में उत्साह का माहौल बनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा जैन गादिया, रचना अजमेरा, मधु काला, निशा गोधा और मोना विनायका ने मंगलाचरण के साथ किया। रचना अजमेरा ने कार्यक्रम का संचालन किया। उत्सव के दौरान बेस्ट ड्रेस्ड, बेस्ट परफॉर्मेंस, ग्रुप गेम, कैटवॉक और गरबा समूह नृत्य सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं।

ग्रुप गेम में कविता बनी विजेता

विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मिला सम्मान

ग्रुप गेम में कविता पाटनी ने प्रथम, आशा छाबड़ा ने द्वितीय और संगीता बाकलीवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कैटवॉक में ललिता पटौदी और अंजू बढ़जात्य प्रथम, जबकि रंजू काला और शैफाली द्वितीय स्थान पर रहीं। बेस्ट ग्रुप डांस में संगीता बाकलीवाल का समूह प्रथम रहा। अंजू, रंजू, मोना और सुरभि की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में महिलाओं की प्रतिभा, रचनात्मकता, आत्मविश्वास और आपसी सौहार्द की झलक देखने को मिली। आयोजन को सफल बनाने में पूजा जैन गादिया, रचना अजमेरा, मधु काला, निशा गोधा और मोना विनायका का विशेष योगदान रहा।



लाइव इवेंट

देशभक्ति के गीतों से गूंजा स्कूल चार वर्गों में दिखाई प्रतिभा



रायपुर। भारत विकास परिषद, छत्तीसगढ़ प्रांत की ओर से कृष्णा पब्लिक स्कूल, सरोना में प्रांतीय स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता 2026-27 आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति और नैतिक मूल्यों का विकास करना था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सामूहिक वंदे मातरम्-गान से हुई।

समापन समारोह में रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने और कर्तव्य के प्रति निष्ठावान रहने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में हिंदी, संस्कृत और प्रादेशिक लोकगीतों की प्रस्तुतियां हुईं। निर्णायक मंडल में आदित्य सिंह ठाकुर, अर्पणा द्विवेदी और जयश्री नायर शामिल रहे। मेजबान केपीएस सरोना ने हिंदी-संस्कृत संयुक्त वर्ग और लोकगीत वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया। हिंदी वर्ग में डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, सरबहरा प्रथम रहा, जबकि संस्कृत वर्ग में श्री शंकरा विद्यालय, सेक्टर-10, भिलाई ने बाजी मारी।

विजेताओं को स्मृति चिह्न और पुरस्कार

हिंदी-संस्कृत संयुक्त वर्ग में केपीएस नेहरू नगर, भिलाई द्वितीय और डीपीएस बालको, कोरबा तृतीय रहा। हिंदी वर्ग में श्री पद्माक्षी ग्लोबल स्कूल, बिलासपुर द्वितीय और डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, कुड़कई तृतीय रहा। संस्कृत वर्ग में वैदिक इंटरनेशनल स्कूल, रायगढ़ द्वितीय और ए.के. गोयल पब्लिक स्कूल, रायपुरा तृतीय रहा। लोकगीत वर्ग में केपीएस नेहरू नगर द्वितीय और डीपीएस बाल्को तृतीय रहा। विजेताओं को स्मृति चिह्न और पुरस्कार दिए गए। समापन प्रांतीय महासचिव मुरारी काबरा के आभार प्रदर्शन और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

रायपुर में कंगना अमायरा तो अंबिकापुर में आएंगी उर्वशी रौतेला

पंचमी से नवरात्रि गरबा में लगेगा सितारों का तड़का

रायपुर, बिलासपुर और अंबिकापुर में सजेगा गरबा का रंग

रायपुर। नवरात्रि में इस बार छत्तीसगढ़ के गरबा और डांडिया आयोजनों में बॉलीवुड सितारों का तड़का लगने वाला है। पंचमी से प्रदेश के विभिन्न शहरों में गरबा की धूम शुरू हो रही है। रायपुर, बिलासपुर और अंबिकापुर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में फिल्मी सितारों और गायकों की मौजूदगी आकर्षण का केंद्र रहेगी। सेलिब्रिटी की प्रस्तुतियों और गरबा-डांडिया की तैयारियों को लेकर लोगों में खासा उत्साह है।

राजधानी में पारंपरिक डांडिया और गरबा का आयोजन 'रायपुर रास' सीजन-5 आगामी 16 और 17 अक्टूबर को होटल बेबीलोन में होगा। मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता में आयोजन समिति के अध्यक्ष सार्थक शर्मा ने बताया कि बॉलीवुड अभिनेत्री अमायरा दस्तूर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि होंगी। आयोजन में छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए गरबा की धुनों में सुआ, ददरिया, करमा और पंथी गीतों का मिश्रण किया जाएगा। गढ़कलेवा कॉर्नर में चीला, फरा, भजिया, खुरमी और अनरसा जैसे पारंपरिक व्यंजन मिलेंगे। साथ ही बेस्ट छत्तीसगढ़ी ट्रेडिशनल लुक का पुरस्कार भी दिया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, उत्सव में केवल पारंपरिक गरबा संगीत बजेगा और पारंपरिक परिधान अनिवार्य होंगे। सुरक्षित पारिवारिक माहौल के लिए अकेले पुरुषों की एंट्री प्रतिबंधित रहेगी। वेन्यू वातानुकूलित होगा। प्रतिभागियों को स्क्रैच कूपन के जरिए आईफोन और आईपैड जीतने का मौका मिलेगा। विजेताओं को बाली, स्विट्जरलैंड, श्रीलंका और फुकेत की यात्राएं भी पुरस्कार में दी जाएंगी। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी, महिला बाउंसर्स, ट्रैफिक पुलिस, डॉक्टरों की टीम और एंबुलेंस की व्यवस्था रहेगी। प्रेसवार्ता में ऋषभ सोनी, वर्धन पाठक, शशांक ठाकुर, ऋषभ जैन, यश सोनी सहित आयोजन समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।



होटल बेबीलोन में आएगी एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर

ओमाया गार्डन में गूंजेगी गायकों की आवाजें

ओमाया गार्डन में आयोजित रास गरबा में इंडियन आइडल की गायिका तोरशा सरकार के साथ रिया भट्टाचार्य और ईशान अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इन गायकों की आवाज पर गरबा और डांडिया का रंग जमेगा। युवाओं के बीच लोकप्रिय इन कलाकारों की प्रस्तुति कार्यक्रम को खास बनाएगी।



अंबिकापुर में उर्वशी रौतेला का कार्यक्रम

अंबिकापुर में 15 अक्टूबर को आयोजित डांडिया रास में अभिनेत्री उर्वशी रौतेला शामिल होंगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर कार्यक्रम में आने की जानकारी दी है। उनकी मौजूदगी से आयोजन को लेकर लोगों का उत्साह बढ़ा है।

रायपुर में कंगना रनौत बढ़ाएंगी रौनक



रायपुर में अमारा जोरा ग्राउंड में 16 से 19 अक्टूबर तक नवरात्रि गरबा का आयोजन किया जाएगा। हरिभूमि आईएनएच मीडिया पार्टनर और गुनजर आयोजन की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में अभिनेत्री एवं सांसद कंगना रनौत शामिल होंगी। गरबा, डांडिया और संगीत से सजे इस आयोजन में कंगना की मौजूदगी मुख्य आकर्षण रहेगी। रायपुर के गरबा आयोजन में उनकी पहली भागीदारी को लेकर लोगों में उत्सुकता है।

बिलासपुर में उर्मिला मातोंडकर आएंगी



बिलासपुर में आयोजित रास डांडिया गरबा 2026 में अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर शामिल होंगी। यह आयोजन 14, 15 और 16 अक्टूबर को प्रस्तावित है। इससे पहले बिलासपुर के गरबा आयोजनों में अंजली अरोड़ा और रवि किशन भी शामिल हो चुके हैं। इस बार उर्मिला मातोंडकर की मौजूदगी से आयोजन को लेकर लोगों में खास उत्सुकता है।

श्रीराम बिजनेस पार्क में पूजा गौर



रायपुर के श्रीराम बिजनेस पार्क में 16 से 18 अक्टूबर तक फैमिली गरबा नाइट्स आयोजित की जाएंगी। इसमें बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा गौर शामिल होंगी। कार्यक्रम में प्रवेश के लिए आयोजकों की ओर से पास की व्यवस्था की गई है।

सिक्ख समाज छत्तीसगढ़ लेडीज विंग का यादगार आयोजन

महिलाओं ने सांझ-ए-रोशनी में बिखेरी परंपरा, संस्कृति और प्रतिभा का जलवा

रायपुर। सिक्ख समाज छत्तीसगढ़ लेडीज विंग द्वारा 'सांझ-ए-रोशनी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मंगलवार को शगुन फार्म में आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम समाज के लिए बेहद खास और यादगार रहा। इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को एक ऐसा मंच प्रदान करना रहा, जहां वे अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता का प्रदर्शन कर सकें तथा आपसी प्रेम, सहयोग और एकता के रिश्तों को और मजबूत बना सकें।

कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण 'श्रृंगार दी सांझ' डायमंड ज्वेलरी रैम्प वॉक रहा, जिसे किशना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेजरी द्वारा प्रायोजित एवं पुरस्कृत किया गया। इस रैम्प वॉक में महिलाओं ने पूरे आत्मविश्वास, खूबसूरती और शानदार अंदाज के साथ अपनी प्रतिभा प्रस्तुत की। इसके साथ ही दीपावली क्वीन प्रतियोगिता और दीपावली तंबोला के विजेताओं को अनूपचंद त्रिलोकचंद ज्वेलर्स की ओर से पुरस्कृत किया गया, जिससे प्रतिभागियों का उत्साह और भी बढ़ा। रंगारंग डांस परफॉर्मेंस, लकी ड्रॉ, तंबोला और अनेक मनोरंजक गतिविधियों ने इस शाम को यादगार बना दिया।



हरदीप बनी दीवाली क्वीन

इस अवसर पर हमारे समाज की वरिष्ठ महिलाओं के कर-कमलों द्वारा महिला पत्रिका 'सांझ' का विमोचन किया गया। यह पत्रिका हमारी विरासत, संस्कृति, परंपराओं और महिला सशक्तिकरण को समर्पित एक विशेष पहल है। हमें गर्व है कि इसके माध्यम से हम अपनी सांस्कृतिक पहचान और विचारों को सहेजने का प्रयास कर रहे हैं। इस आयोजन में दीवाली क्वीन हरदीप कौर रही और श्रृंगार की सांझ रैम्प वॉक विजेता मनशीत कौर टूटेजा, करिश्मा कौर खनूजा और हर्षदीप कौर रही। जिन्हें किशना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेजरी द्वारा पुरस्कृत किया गया। मारा विश्वास है कि ऐसे आयोजन महिलाओं को आगे बढ़ने, अपनी प्रतिभा दिखाने और एक-दूसरे से जुड़ने का अवसर देते हैं। हम भविष्य में भी अपनी विरासत और संस्कृति को संजोते हुए समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे। इस कार्यक्रम में सिक्ख समाज छत्तीसगढ़ लेडिस विंग की अध्यक्ष डॉली गुंबर, संयोजक डॉ. रीना टुटेजा, सुरेंद्र कौर छाबड़ा, सोमा छाबड़ा, रिंकी टुटेजा, सुरेन्दर कौर चावला, जगजीत कौर भसीन, दलजीत कौर भसीन, जसविंदर कौर होरा, रजिन्दर कौर खनुजा, कमलजीत अजमानी, सतवंत कौर सलूजा, विमलेश कौर सलूजा, राखी खंडूजा, हरप्रीत होरा, रूपिंदर होरा, राखी अरोरा, डिम्पी अजमानी, चरनदीप कौर, रिम्पी अजमानी, तेजिंदर कौर, ऋचा मक्कड़, खुशबू चहल उपस्थित रही।

राजभाषा का प्रयोग प्रचार-प्रसार तक सीमित नहीं, संवैधानिक प्रावधानों से जुड़ा विषय



रायपुर। एनआईटी में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन संस्थान के राजभाषा समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में निकेश कुमार पांडेय, सदस्य सचिव नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति रायपुर एवं राजभाषा अधिकारी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्री पांडेय ने अपने संबोधन में हिंदी कार्यशालाओं के नियमित आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि राजभाषा का प्रयोग केवल प्रचार-प्रसार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संवैधानिक प्रावधानों एवं कानूनी दायित्वों से जुड़ा विषय है। उन्होंने 14 सितंबर 1949 को हिंदी को राजभाषा के रूप में अपनाए जाने, हिंदी दिवस एवं हिंदी पखवाड़ा के आयोजन तथा संविधान और राजभाषा अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने प्रशासनिक कार्यों में द्विभाषी दस्तावेजों एवं पत्राचार के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इससे प्रशासनिक दक्षता और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. संजय कुमार, डॉ. शारदा नंदन राव एवं डॉ. विकास कुमार विद्यार्थी, प्रभारी, राजभाषा समिति के मार्गदर्शन में किया गया।

तकनीकी युग में राजभाषा हिंदी का भी महत्व

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात डॉ. संजय कुमार ने स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान तकनीकी युग में उभरती तकनीकों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के साथ-साथ राजभाषा हिंदी का संरक्षण, संवर्धन एवं प्रयोग भी अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. संजय कुमार ने मुख्य अतिथि निकेश कुमार पांडेय को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

फेस्टिवल और आगामी शादी सीजन के लिए फैशन हाउसेस में कलेक्शन की भरमार

डिजिटल प्रिंट फ्लोरल कार्निवाल आउटफिट, ऑरगेंजा फैब्रिक्स की साड़ी बना वुमन्स का न्यू फैशन ट्रेंड

कार्नर न्यूज

रायपुर। फेस्टिवल और आगामी शादी सीजन के लिए अभी से फैशन हाउसेस में कलेक्शन की भरमार हो गई है। जेन-जी गर्ल्स एंड लेडीज में डिजिटल प्रिंट फ्लोरल कार्निवल आउटफिट और ऑर्गेंजा फैब्रिक की साड़ियां नया फैशन टेंड्र बनी हुई है। आधुनिक तकनीक और पारंपरिक भारतीय पहनावे का यह फ्यूजन गर्ल्स और महिलाओं के बीच काफी लोकप्रिय हो रहा है। पंडरी रोड स्थित श्री शिवम फैशन हाउस के संचालक ने बताया कि वर्तमान में नवरात्रि व्रत-पूजा के लिए आर्गेंजा फैब्रिक्स और सिल्क फैब्रिक्स में गोटा पत्ती के साथ जरदोजी वर्क की साड़ियां डिमांड है। वहीं गर्ल्स और न्यू ब्राइडल के लिए फेस्टिवल्स पूजा और वेडिंग कार्निवाल्स में मेहंदी-हल्दी के लिए डिजिटल प्रिंट फ्लोरल कार्निवल आउटफिट सेट की जबर्दस्त मांग है। इन आउटफिट्स की यह ट्रेंड अपने जीवंत रंगों और बड़े-बड़े फूलों के प्रिंट्स यानी बोटैनिकल डिजाइन्स के लिए खास पसंद किया जा रहा है। इसमें चमकीले और खुशमिजाज रंगों जैसे फ्यूशिया पिंक, टैंजरीन, लेमन येलो और इलेक्ट्रिक ब्लू का इस्तेमाल उत्सव जैसा माहौल व लुक देते हैं। इस स्टाइल में अनारकली सूट, श्री-पीस को-ऑर्ड सेट्स, मैक्स ड्रेस और लॉन्ग केप्स काफी पसंद किए जा रहे हैं। डिजिटल प्रिंटिंग की वजह से कपड़ों पर फूलों के पैटर्न बहुत शार्प, रियलिस्टिक और 3-डी लुक जैसे दिखाई देते हैं।



दिल्ली, मुंबई के फैशन डिजाइनर्स की कारीगरी का कमाल

फैशन हाउस से मिली जानकारी के मुताबिक दिल्ली, मुंबई, कोलकाता के टॉप क्लासेस फैशन डिजाइनर्स की डिजाइन की हुई साड़ियों और कार्निवाल आउटफिट की स्पेशल कलेक्शन गर्ल्स व लेडिज को खूब भा रहा है। वहीं पूजा, फेस्टिवल, डेली यूज ड्रेसेस की भी मांग हो रही है। कार्निवाल फैशन आउटफिट का रेंज जहां 20 से 30 हजार रुपए के बीच और साड़ियों की कीमत 10 से 1 लाख रुपए तक कीमत है।

रॉयल लुक और कंफर्ट एहसास के लिए कर रहे कैरी

ऑर्गेंजा एक हल्का, पारदर्शी और थोड़ा कड़क बुनावट वाला कपड़ा है, जो साड़ी को एक बेहद रॉयल लुक देता है। यह फैब्रिक अपने आप में एक प्रीमियम चमक रखता है। जब इस पर फ्लोरल डिजिटल प्रिंट या बारीक थ्रेड वर्क किया जाता है, तो यह बेहद खूबसूरत दिखता है। ऑर्गेंजा साड़ी पहनने पर एक बेहतरीन वॉल्यूम देती है, जो स्लिम और टॉल लुक चाहने वाली महिलाओं की पहली पसंद बनी हुई है। इसकी पेस्टल कलर्स जैसे मिंट ग्रीन, लैवेंडर, पाउडर ब्लू और ब्लश पिंक की ऑर्गेंजा साड़ियां शादियों, प्री-वेडिंग फंक्शन्स और पार्टीज में खूब ट्रेंड कर रही हैं।



खबर संक्षेप

अंडर 17 संभाग स्तर क्रिकेट प्रतियोगिता



मंदिर हसौद। 13 और 14 अक्टूबर को गुरु घासीदास मिनी स्टेडियम नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद में संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन जिसमे महासमुंद गरियाबंद बलौदाबाजार धमतरी रायपुर जिला का टीम ने भाग लिया है। जहां मुख्य अतिथि गोपाल चतुर्वेदी नगर पालिका अध्यक्ष मंदिर हसौद अध्यक्षता अशोक वर्मा कार्यक्रम का संचालक प्राचार्य पी एस एक्का मैडम शासकीय मातृ सदन स्कूल मंदिर हसौद और शाला विकास समिति के अध्यक्ष अशोक वर्मा समिति के सदस्य बलवंत यादव राघवेंद्र दास भूषण नागेंद्र विकासखंड खेल अधिकारी राकेश प्रधान व्यायाम शिक्षक अमित चंद्राकर, मोहम्मद फारूक, जगदीश कुर्रे, योगेश बघेल, भोजराम मनहरे, के के देवांगन, शशिकांत बाँधे, आरंग क्रिकेट क्लब से अश्वनी रात्रे औंकेश्वर सोनवानी जिला के कोच एवं पी टी सर और खिलाड़ी उपस्थित थे।

मितानिनों व दंपतियों का सम्मान, बांटी रामायण पुस्तिकाएं



अभनपुर। ग्राम पंचायत तूता में गर्भवती महिलाओं की देखभाल, पुरुष नसबंदी एवं परिवार नियोजन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मितानिन दीदियों तथा परिवार नियोजन में सहयोग करने वाले जागरूक दंपतियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच भरत बैस ने मितानिन दीदियों के कार्यों की सराहना करते हुए परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर रामचरितमानस रामायण पुस्तिका का वितरण भी किया गया, जिसमें 29 महिलाओं एवं 8 पुरुषों को पुस्तिकाएं प्रदान की गईं। इस अवसर पर सरपंच भरत बैस, शारदा प्रसाद बैस, गयाराम पटेल, झड़ीराम पटेल, रामकृष्ण बैस, संदीप बैस, मूलचंद पटेल सहित समस्त मितानिन एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

वैष्णवी का राज्य स्तरीय विज्ञान सेमिनार में चयन



आरंग। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंदिरहसौद की छात्रा वैष्णवी टंडन ने जोन स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान सेमिनार में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तर के लिए चयनित होने का गौरव हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय सहित क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। शासकीय शिक्षा महाविद्यालय, शंकर नगर रायपुर में आयोजित सेमिनार में रायपुर, महासमुंद, गरियाबंद एवं बलौदाबाजार जिले के आठ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें से दो प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तर के लिए किया गया, जिसमें वैष्णवी टंडन भी शामिल हैं। व्याख्याता अपर्णा तिवारी के मार्गदर्शन में वैष्णवी ने आत्मविश्वास और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ विषय का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया। साथ ही निर्णायक मंडल के प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर देकर अपनी प्रतिभा साबित की। इस उपलब्धि पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा, विद्यालय के प्राचार्य शिवपाल सिंह चंद्रा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने वैष्णवी को बधाई देते हुए राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

मंदिर परिसर में सजा माता का दरबार, पहले दिन से ही उमड़ रही भक्तों की भीड़

कूंरा। नगरपंचायत कुंवरगढ़ कूंरा चतुर्भुजी मंदिर परिसर में युवा समिति के द्वारा भव्य आकर्षक पंडाल के नीचे माता रानी दुर्गा जी की मनोहारी प्रतिमा स्थापित किया गया है। माता दर्शन के लिए पहले दिन से ही भक्तों की भीड़ जुट रहे है।

दुर्गा पंडालों में गूंज रहे माता के जयकारे और पारंपरिक गीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

सामूहिक गायन से पंडालों में भक्तिमय माहौल

शारदीय नवरात्र के अवसर पर आरंग, लखौली, मंदिरहसौद और चंदखुरी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मां दुर्गा की आराधना का उल्लास छाया हुआ है। गांव-गांव में स्थापित दुर्गा पंडालों में प्रतिदिन शाम को पूजा-अर्चना और सामूहिक आरती के बाद जसगीतों एवं सेवा गीतों का गायन किया जा रहा है। मां दुर्गा की महिमा का बखान करते भक्ति गीतों से पंडालों का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। श्रद्धालु मां के जयकारों के साथ भक्ति में लीन होकर नवरात्र पर्व मना रहे हैं। शाम ढलते ही दुर्गा पंडालों में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो जाता है। निर्धारित समय पर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना और आरती की जाती है। इसके बाद जसगीतों और सेवा गीतों की प्रस्तुति का सिलसिला शुरू होता है। पारंपरिक धुनों पर गाए जाने वाले इन गीतों में महिलाएं, पुरुष और युवा उत्साह के साथ भाग लेते हैं। विशेष रूप से महिलाएं सेवा गीत गाने में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं।

सामूहिक गायन से पंडालों में भक्तिमय माहौल बन रहा है और श्रद्धालु देर शाम तक माता की भक्ति में लीन रहते हैं। आरंग-लखौली क्षेत्र के साथ मंदिरहसौद और चंदखुरी अंचल के गांवों में भी नवरात्र को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। दुर्गोत्सव समितियों की ओर से पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। मां दुर्गा की प्रतिमाओं के दर्शन के लिए ग्रामीण परिवार सहित पहुंच रहे हैं। शाम की आरती के बाद जसगीतों और सेवा गीतों का गायन धार्मिक परंपराओं को जीवंत बनाए हुए है। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से सामूहिक भक्ति और उत्साह का वातावरण और भी जीवंत हो रहा है।

भक्ति और उत्सव का वातावरण

नवरात्र के दौरान दुर्गा पंडाल केवल पूजा-अर्चना के केंद्र ही नहीं, बल्कि ग्रामीणों के आपसी मेल-मिलाप के स्थल भी बने हुए हैं। सामूहिक आरती, जसगीत और सेवा गीतों में लोगों की भागीदारी से धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सद्भाव और भाईचारे की भावना मजबूत हो रही है। वहीं, पारंपरिक गीतों के माध्यम से नई पीढ़ी को छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिल रहा है। नवरात्र में इन दिनों मां दुर्गा की आराधना के साथ गांवों में भक्ति और उत्सव का वातावरण बना हुआ है। श्रद्धालु मां से परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और क्षेत्र की उन्नति की कामना कर रहे हैं।

सौगात : जी राम जी के तहत ग्राम पंचायत भवनों को मंजूरी

20 गांवों में बनेंगे नए ग्राम पंचायत भवन, 3.98 करोड़ की राशि मंजूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

आरंग विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को लगातार मिल रही स्वीकृतियों के बीच अब जी राम जी विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण के तहत 20 गांवों में ग्राम पंचायत भवन निर्माण के लिए कुल 3 करोड़ 98 लाख 60 हजार की राशि स्वीकृत हुई है। प्रत्येक गांव में पंचायत भवन निर्माण के लिए 19.93 लाख का प्रावधान किया गया है। इस स्वीकृति से ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और गांवों में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। कैबिनेट मंत्री एवं आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब के प्रयासों से क्षेत्र में जनहित से जुड़े विकास कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। जी राम जी के तहत पंचायत भवनों की स्वीकृति ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सड़क, नाली और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्यों के साथ पंचायत भवन निर्माण से गांवों में आवश्यक अधोसंरचना का विस्तार होगा। इस स्वीकृति के अंतर्गत मालीडीह, सिवनी, नगपुरा, मुनगी, कुटेसर, परसकोल, देवरी, बनरसी, कोटनी, मुनरेठी, भैंसमुड़ी, गनौद, भोंथली, धमनी, तांदुल, डुमहा, मजिठा, संडी, जुगेसर एवं बड़गांव में ग्राम पंचायत भवनों का निर्माण प्रस्तावित है। प्रत्येक गांव के लिए 19.93 लाख की स्वीकृत राशि से पंचायत भवन निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ है।



अभनपुर की 15 पंचायतों में पंचायत भवन निर्माण के लिए 2.99 करोड़ स्वीकृत



अभनपुर। विधायक इंद्र कुमार साहू के विशेष प्रयासों से अभनपुर विकासखंड की 15 ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन निर्माण के लिए कुल 299.91 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। जिला पंचायत रायपुर द्वारा विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण के तहत निर्माण कार्यों के आदेश जारी किए गए हैं। स्वीकृत कार्यों में उगेतरा, कोलियारी, गोतियारडीह, घोंट, छछानपैरी, छांटा,पारागांव, जवाईबांधा, बकतरा, भोथीडीह, निमोरा, भरेंगा, मोहदी, लमकेनी और सोनेसिल्ली में सामुदायिक पंचायत भवन निर्माण शामिल हैं। इन भवनों के निर्माण से ग्रामीणों को पंचायत संबंधी कार्यों एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। विधायक इंद्र कुमार साहू ने इसे ग्रामीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए क्षेत्रवासियों को बधाई दी।

ग्रामीण प्रशासन और जनसमस्याओं के समाधान का केंद्र

ग्राम पंचायत भवन ग्रामीण प्रशासन, ग्रामसभा की बैठकों, जनसमस्याओं पर चर्चा तथा शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन का महत्वपूर्ण केंद्र होता है। इन भवनों के निर्माण से पंचायतों को व्यवस्थित कार्यस्थल उपलब्ध होगा और ग्रामीणों को पंचायत संबंधी कार्यों के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। जी राम जी के तहत पंचायत भवनों के लिए मिली यह स्वीकृति ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और स्थानीय स्तर पर विकास व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। आरंग विधानसभा क्षेत्र में लगातार मिल रही विकास कार्यों की स्वीकृतियां गांवों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देने के प्रयासों को दर्शाती हैं। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब क्षेत्र की जनआकांक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को आगे बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। पंचायत भवन निर्माण की यह स्वीकृति गांवों को अधिक सुविधासंपन्न बनाने और पंचायतों की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार तथा उपमुख्यमंत्री एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि ग्रामीण विकास, बुनियादी सुविधाओं का विस्तार और जनकल्याणकारी कार्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल हैं।

पोस्टर विवाद पर आज आरंग बंद का आह्वान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

मां दुर्गा के चित्र वाले पोस्टर हटाने का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन पर पोस्टरों को कचरा वाहन में डलवाकर फेंकवाने के आरोप के बीच श्री सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति, महामाया पारा के पदाधिकारियों ने प्रेस वार्ता कर पुलिस पर शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। इसके विरोध में समिति ने 14 अक्टूबर को आरंग बंद और चक्काजाम का आह्वान किया है। पदाधिकारियों ने बताया कि इसकी सूचना एसडीएम, तहसीलदार सहित संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को दे दी गई है। उन्होंने सर्व समाज, व्यापारी संघ और नगर के गणमान्य नागरिकों से समर्थन की अपील की है। समिति के पदाधिकारी अरविंद गुप्ता ने बताया कि 10 अक्टूबर को नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने उन्हें अपने चेंबर में बुलाकर पोस्टर में फोटो नहीं होने पर आपत्ति जताई थी। पदाधिकारी का आरोप है कि अध्यक्ष ने उनके सामने ही पालिका के एक कर्मचारी को निर्देश दिया था कि शाम पांच बजे तक संबंधित लोगों से संपर्क नहीं हो पाने पर पोस्टर हटा दिए जाएं। समिति का दावा है कि सीसीटीवी फुटेज में संबंधित कर्मचारी और नगर पालिका के कचरा वाहन के इस्तेमाल की जानकारी सामने आई है। समिति पदाधिकारियों का कहना है कि मां दुर्गा के चित्र वाले पोस्टरों को हटाने के मामले में शिकायत के बावजूद अब तक नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई है। 14 अक्टूबर को प्रस्तावित बंद और चक्काजाम को लेकर नगर में हलचल बढ़ गई है। प्रेस वार्ता के दौरान दुर्गोत्सव समिति के अध्यक्ष लल्ला साहनी, सचिव राजेश साहू, कोषाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, सूरज शर्मा, अध्यक्ष व्यापारी संघ सदस्य शरद, जीतू गुप्ता, राकेश शर्मा, खिलावन निषाद, रमेश तिवारी, रीति सोनपिपरे, सजल चन्द्राकर, विनोद साहू सहित कई लोग उपस्थित थे।

कबड्डी में फरफौद की छात्राओं ने पाया तृतीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में मध्यप्रदेश के बैतूल में आयोजित अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता में आरंग विकासखंड के ग्राम फरफौद स्थित सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान हासिल किया। छात्राओं की इस उपलब्धि से विद्यालय सहित क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपने खेल कौशल, दमखम और टीम भावना का परिचय देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनकी इस सफलता ने विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। छात्राओं को इस उपलब्धि तक पहुंचाने में विद्यालय के आचार्यों एवं खेल प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन भी महत्वपूर्ण रहा।

छात्राओं की सफलता पर विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि वे आगे भी बेहतर प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगी।

न्योता भोज में 68 विद्यार्थियों को कराया भोजन



आरंग। आओ खुशियाँ बांटें योजना के अंतर्गत नवरात्रि के पावन अवसर पर द्वितीया तिथि को सेवानिवृत्त शिक्षकद्वय नाथूराम चंद्राकर, कृष्ण कुमार चंद्राकर खौली और प्रधान पाठक विजय कुमार वर्मा, प्राथमिक शाला खौली द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। इसमें 68 विद्यार्थियों को अंकुरित मूँग, फल्लीदाना, चना, केला, खीर और पुड़ी परोसी गई। विद्यालय के 68 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। सेवानिवृत्त शिक्षक साथियों ने बच्चों के साथ सामूहिक शैक्षिक गीत गाते हुए ताली बजाने का महत्व बताया तथा कई प्रकार की तालियाँ बजाना सिखाया। यही नहीं, उन्होंने बच्चों को इमला लेखन, श्रुतलेखन एवं पहाड़ा गतिविधियों का सतत अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं शिक्षक तुलेन्द्र कुमार पटेल, अल्का वर्मा, शिवराम कन्नौजे तथा स्पेशल एजुकेटर नरेन्द्र प्रधान उपस्थित थे। यह जानकारी संकुल समन्वयक उगेश कुमार साहू ने दी।

कागदेही में 17 को होगी डीजे डांस प्रतियोगिता

आरंग। नगर पंचायत समोदा के अंतर्गत ग्राम कागदेही में ट्रैक्टर ग्रुप कागदेही के तत्वावधान में शारदीय नवरात्र की सप्तमी के पावन अवसर पर 17 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे से भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में सामूहिक, युगल एवं एकल नृत्य की श्रेणियां रखी गई हैं। सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 21,001 रुपये, द्वितीय 15,001 रुपये, तृतीय 10,001 रुपये, चतुर्थ 7,001 रुपये एवं पंचम पुरस्कार 5,001 रुपये रखा गया है। युगल नृत्य में प्रथम 10,001 रुपये, द्वितीय 7,001 रुपये, तृतीय 5,001 रुपये, चतुर्थ 3,001 रुपये एवं पंचम पुरस्कार 2,001 रुपये दिया जाएगा। वहीं, एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 5,001 रुपये, द्वितीय 4,001 रुपये, तृतीय 3,001 रुपये, चतुर्थ 2,001 रुपये एवं पंचम पुरस्कार 1,001 रुपये रखा गया है। दूर-दराज से आने वाले सभी प्रतिभागी कलाकारों के लिए रात्रिकालीन भोजन की व्यवस्था भी की गई है। प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क सामूहिक नृत्य के लिए 501 रुपये, युगल नृत्य के लिए 301 रुपये तथा एकल नृत्य के लिए 151 रुपये निर्धारित किया गया है। इच्छुक प्रतिभागी पूर्व में संपर्क कर प्रवेश ले सकते हैं।



हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ

आरंग। धर्मनगरी आरंग में मंगलवार को राजा मोरध्वज आध्यात्मिक धार्मिक मानस संगठन आरंग द्वारा महामाया तालाब स्थित श्री नारायणबन हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा, आरती एवं हवन-पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आसपास के श्रद्धालुओं ने भी बड़े श्रद्धाभाव से भाग लिया और क्षेत्र में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। आयोजन में मानस लोधी, अवध विश्वकर्मा, हिरालाल साहू, संतोष लाला लोधी, विनोद गुप्ता गुरुजी, धनाऊ धुरंधर, प्रेम वर्मा सहित मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।

खौली स्कूल में जरूरतमंद बच्चों को मिला गणवेश, जूते और कॉपियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खौली में मंगलवार को निर्धन छात्र निधि से जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्कूल गणवेश, कॉपी, पेन, जूते सहित आवश्यक सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर इको क्लब गुलमोहर के तत्वावधान में जलवायु परिवर्तन एवं मानव जीवन पर उसके प्रभाव विषय पर जागरूकता कार्यशाला भी आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ स्टेट सेंटर फॉर क्लाइमेट चेंज के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों को जलवायु परिवर्तन के कारणों, दुष्प्रभावों और बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।



कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। विद्यालय के प्राचार्य पंचराम साहू के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में निर्धन छात्र-छात्राओं के लिए सामग्री वितरण की प्रभारी जयश्री दिलीप यादव तथा इको क्लब प्रभारी सुनीता मद्रे सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं और समस्त स्टाफ की सहभागिता रही। इस अवसर पर शाला समिति अध्यक्ष शिवकुमार चंद्राकर ने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहकर मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने भविष्य को संवारने के लिए प्रेरित किया। शाला समिति सदस्य नाथूराम चंद्राकर ने भी बच्चों को मेहनत, परिश्रम और लगन के साथ शिक्षा प्राप्त करने का आशीर्वाद दिया।

बाढ़ प्रभावित ग्राम रवेली और मुण्डरा पहुंचे पूर्व विधायक धनेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रवेली एवं मुण्डरा मे पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू ने बाढ़ प्रभावित परिवारों और किसानों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान किसानों ने बताया कि बाढ़ के कारण उनके धान की फसल और बाड़ियों में लगी सब्जियों को भारी नुकसान हुआ है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



ग्रामीणों ने बताया कि पटवारी द्वारा अब तक नुकसान का निरीक्षण नहीं किया गया है और न ही प्रभावित परिवारों को किसी प्रकार की सहायता मिल पाई है। धनेन्द्र साहू ने प्रभावित किसानों एवं परिवारों से चर्चा कर नुकसान की जानकारी ली। इस दौरान अभनपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भोला सोनवानी, मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार साहू, मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद सोनकर, पूर्व जिपं सदस्य सौदागर सोनकर, जिला कांग्रेस कमेटी सचिव नंदकुमार साहू, ग्राम रवेली एवं मुण्डरा सरपंच तथा बाढ़ प्रभावित परिवारों के सदस्य उपस्थित रहे।

एक ही छत के नीचे मिला बाल, आयुर्वेद, नेत्र और फिजियोथेरेपी का विशेषज्ञ परामर्श

मुरेठी में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, सैकड़ों ग्रामीणों ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को उनके घर-आँगन में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ मुहैया कराने तथा बीमारियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत मुरेठी के पंचायत भवन में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। औद्योगिक संस्थान सारडा एनर्जी एंड मिनरल लिमिटेड के सीएसआर विभाग के विशेष सौजन्य से आयोजित इस शिविर में सुबह से ही स्वास्थ्य परीक्षण कराने वाले ग्रामीणों का तांता लगा रहा। सारडा एनर्जी के प्रबंधन के कुशल मार्गदर्शन और विशेष सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम से संपूर्ण क्षेत्र में जन-कल्याणकारी माहौल देखने को मिला।

शिविर के दौरान विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों और विशेषज्ञ संस्थानों का अनूठा समन्वय देखने को मिला। इसमें इट्सा हॉस्पिटल रायपुर की विशेषज्ञ टीम द्वारा बच्चों के लिए बाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जहाँ उनके शारीरिक विकास और मौसमी बीमारियों से बचाव की विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं सामान्य स्वास्थ्य जाँच के तहत बड़ी संख्या में ग्रामीणों के ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और हीमोग्लोबिन की मुफ्त जाँच की गई। पारंपरिक एवं प्राकृतिक उपचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय आयुर्वेद औषधालय अकोली द्वारा विशेष आयुर्वेद चिकित्सा शिविर लगाया गया, जहाँ लोगों को जड़ी-बूटियों एवं आयुर्वेद पद्धतियों से रोगमुक्त रहने के उपाय बताए गए। इसके साथ ही शारीरिक दर्द एवं जोड़ों की समस्याओं से जूझ रहे मरीजों के लिए एफ-95 के माध्यम से फिजियोथेरेपी परामर्श की सुविधा दी गई। आँखों की देखरेख के प्रति सजगता बढ़ाने के लिए श्री गणेश विनायक फाउंडेशन के सहयोग से नेत्र परीक्षण शिविर भी संपन्न हुआ, जिसमें ग्रामीणों की आँखों की जाँच कर उन्हें उचित चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। इस बहुआयामी शिविर के माध्यम से मुरेठी और आसपास के ग्रामीणों को एक ही स्थान पर कई तरह के विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएँ और परामर्श लेने का दुर्लभ अवसर मिला। डॉक्टरों ने मरीजों का गहन परीक्षण कर उन्हें खान-पान में सुधार, स्वच्छता और समय-समय पर जाँच कराने की सलाह दी। कंपनी का मुख्य ध्येय ग्रामीण अंचल के अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाएँ पहुँचाना और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। इस आयोजन की सफलता से स्थानीय ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा गया और उन्होंने इस लोककल्याणकारी पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की।



नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संतोष यदु से मिले ढोढरा पंचायत प्रतिनिधि



हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

यादव ठेठवार समाज के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संतोष यदु के निवास पहुंचकर ग्राम ढोढरा के पंचायत प्रतिनिधियों ने उनसे सौजन्य मुलाकात की और नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान प्रतिनिधियों ने उनके सफल कार्यकाल की कामना करते हुए संगठन को मजबूत बनाने के संबंध में चर्चा की।

इस अवसर पर संतोष ध्रुव, इंद्रकुमार साहू, पुरुषोत्तम साहू, द्वारिका कश्यप , सेवाराम साहू, हृदयराम साहू, भोजराम ध्रुव, डोमार साहू, मंशाराम साहू, सुनील देवांगन साहू, ईश्वर सिन्हा, नेमीचंद सिन्हा, पुरानिक साहू एवं लोकेश साहू सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

दुर्गोत्सव



शीतला दाई दुर्गोत्सव समिति, विप्र नगर, रायपुरा



नवकन्या दुर्गोत्सव समिति बसंत विहार कॉलोनी, गोंदवारा



नवयुवक दुर्गोत्सव समिति, उत्कल नगर, सिविल लाइन



महामाया दुर्गोत्सव समिति, पेंशनबाड़ा



सिंध युवा दुर्गोत्सव समिति, हनुमान नगर



नवदुर्गा दुर्गा उत्सव समिति, नहर पार देवी चौक, संतोषी नगर



श्री सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी



सत्यम शिवम सुंदरम दुर्गोत्सव समिति, साहू बस्ती बोरिया खुर्द



माँ आदिशक्ति दुर्गोत्सव समिति डूमर तराई

महंत घासीदास संग्रहालय में छत्तीसगढ़ के देशी रियासतों को गैलरी में डिस्प्ले करेगा संस्कृति विभाग

राजवंशों के गौरवशाली इतिहास की साक्षी बनेगी नई पीढ़ी, संग्रहालय में बनेगा खास गलियारा

छत्तीसगढ़ का संस्कृति विभाग राज्य की सभी 14 देशी रियासतों के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को एक विशेष गैलरी में प्रदर्शित करेगा। इसके लिए महंत घासीदास संग्रहालय के द्वितीय तल के हिस्से में डिजिटल-मैनुअल कांसेप्ट पर आधारित विशेष गैलरी का निर्माण किया जाएगा। इस विशेष गैलरी में दस्तावेज और तस्वीरों के माध्यम से इन रियासतों के राजाओं, महलों, ऐतिहासिक संधियों और भारत संघ में विलय 1947-48 के ऐतिहासिक दस्तावेज प्रदर्शित किए जाएंगे। परंपरा और कला प्रत्येक रियासत की अनूठी सांस्कृतिक पहचान, जैसे बस्तर का दशहरा या रायगढ़ का संगीत घराना, को ऑडियो-विजुअल माध्यमों से दिखाया जाएगा।



रायपुर। शिल्प और आभूषण राजाओं के समय के पारंपरिक अस्त्र-शिल्प, सिक्के, और राजकीय प्रतीक चिन्ह भी इस गैलरी का हिस्सा बनेंगे। गैलरी में ऑडियो-विजुअल, प्रतिकृति और ऐतिहासिक दस्तावेजों, धरोहरों के माध्यम से रियासतों के इतिहास को प्रदर्शित किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को छत्तीसगढ़ के गौरवशाली इतिहास, राजा-महाराजाओं के योगदान और स्वतंत्रता संग्राम व भारत संघ में विलय की ऐतिहासिक कहानियों से रूबरू कराना है। यह खास तरह की गैलरी महंत घासीदास संग्रहालय के द्वितीय तल पर बनाई जाएगी। इस गैलरी के निर्माण डीपीआर तैयार कर लिया गया है। इस गैलरी का निर्माण संग्रहालय विकास मद के 2.50 करोड़ के अंश राशि से किया जाएगा।

सभी राजघरानों के वर्तमान वंशजों से ले रहे सहयोग

राज्य संस्कृति एवं पुरात्व विभाग के संचालक संजय कनौजे और विभाग के प्रमुख पुरात्ववेत्ता प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि गैलरी में सभी 14 रियासतों के राजवंशों के ऐतिहासिक धरोहरों और गौरवगाथाओं की प्रदेशवासियों को साक्षी बनाने की नवीन प्रयोग विभाग के माध्यम से किया जा रहा है। विभाग ने सभी रियासतों से जुड़े उनके वर्तमान वंशजों से उनके इतिहास, धरोहरों और अमूल्य साक्ष्य सामग्रियों के संग्रहण के लिए बातचीत कर सहमति बनाई जा रही है। इन राजघरानों से लगभग सहमति मिल चुकी है। महंत घासीदास संग्रहालय में जल्द ही यह कांसेप्ट सकार होगा।



ऑडियो-विजुअल माध्यमों से देख सकेंगे राजघरानों की संस्कृति-परंपरा

गैलरी में दस्तावेज और तस्वीरें के माध्यम से इन रियासतों के राजाओं, महलों, ऐतिहासिक संधियों और भारत संघ में विलय के ऐतिहासिक दस्तावेजों को प्रदर्शित किया जाएगा। परंपरा और कला प्रत्येक रियासत की अनूठी सांस्कृतिक पहचान, जैसे बस्तर का दशहरा या रायगढ़ का संगीत घराना, को ऑडियो-विजुअल माध्यमों से दिखाया जाएगा। शिल्प और आभूषण राजाओं के समय के पारंपरिक अस्त्र-शिल्प, सिक्के, और राजकीय प्रतीक चिन्ह भी इस गैलरी का हिस्सा बनेंगे।

इन प्रमुख रियासतों के बारे जान सकेंगे लोग

छत्तीसगढ़ के प्रमुख 14 रियासत का नाम एवं उसके मुख्य ऐतिहासिक पहलू व वंश सहित जानकारी गैलरी में प्रदर्शित किया जाएगा। इसमें पहला बस्तर रियासत क्षेत्रफल के हिसाब से सबसे बड़ी रियासत काकतीय वंश का शासन, दूसरा सरगुजा रियासत रक्ससेल वंश का शासन आदिवासी संस्कृति और वनों के लिए प्रसिद्ध, रायगढ़ रियासत राजगोंड वंश का शासन संगीत, नृत्य और कला का प्रमुख केंद्र, सक्ती रियासत छत्तीसगढ़ की सबसे छोटी रियासत, कांकेर रियासत सोमवंशी शासकों का ऐतिहासिक क्षेत्र, राजनांदगांव रियासत बैरागी राजवंश का शासन, खैरागढ़ रियासत कला और संगीत इतिहास के लिए विख्यात, जशपुर रियासत भौगोलिक और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण, कोरिया रियासत प्राकृतिक और ऐतिहासिक विरासत से समृद्ध, उदयपुर रियासत मध्य छत्तीसगढ़ की सामरिक रियासत, सारंगढ़ रियासत कला और लोक संस्कृति का केंद्र, छुईखदान रियासत ऐतिहासिक स्थानीय शासकों का गढ़, कवर्धा रियासत अपनी ऐतिहासिक वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध, चांगभकार रियासत सबसे उत्तर-पश्चिमी सुदूर रियासत रहा।



बच्चों ने कन्या भोज में पौष्टिक फलाहार का चखा स्वाद, मिले आकर्षक उपहार

रायपुर। टाटीबंध स्थित महतारी सदन के हाईटेक आंगनबाड़ी में आयोजित कन्या भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवरात्रि की तृतीया पर महाराष्ट्र मंडल की संस्कृति समिति के महिला सदस्यों ने कन्याओं को स्वादिष्ट भोजन करा आकर्षक उपहार भेंट किया। इसके साथ ही समिति के महिला सदस्यों के साथ मासूम बच्चों ने धींगा-मस्ती कर नवरात्रि को एंजॉय किया।

मंडल के कार्यकारिणी सदस्यों व पदाधिकारियों के साथ अनेक सभासदों ने भी अपनी सक्रिय सहभागिता से आयोजन को और भी मजेदार बना दिया। संस्कृति समिति की महिला प्रमुख गौर क्षीरसागर ने बताया कि नवरात्रि पर कन्या भोज के इस कार्यक्रम में बच्चों ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। वहीं महिला सभासदों के साथ बच्चों ने बमबम भोले..., घोड़े जैसी चाल... जैसे अनेक बाल गीतों पर जमकर डांस करते हुए मस्ती की। सभी सभासदों व पदाधिकारियों ने भी घेरा बनाकर बच्चों के साथ गरबा खेला। इस बीच बच्चों ने नवरात्रि पर अपने सुरीले आवाज में देवी मां के विभिन्न नामों पर जयघोष किया। महाराष्ट्र मंडल के मेस से आए पौष्टिक फलाहार वाले स्वादिष्ट नाश्ते का नौनहिलों के साथ सभी ने लुत्फ लिया।



नवरात्रि पर्व बना बच्चों के लिए यादगार

इस आयोजन में श्वेता कुसरे, प्रिया बक्षी, प्रेम उपवंशी, यशस्वी दंडवते, सुजाता, नमिता शेष, सुप्रिया शेष, लीना साठे, गौरी क्षीरसागर, अदिति देशमुख, बबीता बिठले, स्मिता टेंबे, हार्दिका बोबडे, मंगल गणेशा जाधव सहित कई महिलाओं ने अनेक प्रकार के आकर्षक व स्वादिष्ट उपहार देकर बच्चों की नवरात्रि को और भी आनंददायक बना दिया। इस तरह लगातार मिल रहे उपहारों से बच्चे खासे उत्साहित और जोश में नजर आए।

कार्यक्रम में इनका मिला सहयोग

इस मौके पर दिव्यांग बालिका विकास गृह की प्रभारी मालती मिश्रा, सियान गुड़ी प्रभारी प्रवीण क्षीरसागर, संस्कृति समिति के पुरुष प्रमुख समीर टल्लू, श्रेया टल्लू, आनंद कुसरे, प्रशांत बक्षी, अर्चना शिवानकर सहित अनेक पदाधिकारी व सभासद भी उपस्थित रहे। समूचे आयोजन में हाईटेक आंगनबाड़ी की प्रभारी डॉ. शुचिता देशमुख, शिक्षिका मेघा पोतदार, अंबालिका जायसवाल, सोनिया मिश्रा, सोनी का भी विशेष सहयोग रहा।

माता साहिब हासी देवी की 200वीं जयंती पर जारी होगा 200 रुपए का स्मारक सिक्का

रायपुर। पूज्य शदाणी दरबार तीर्थ की पंचम पीठाधीश्वर परम पूज्य माता साहिब हासी देवी की 200वीं जन्म जयंती के अवसर पर भारत सरकार की ओर से 200 रुपए का स्मारक सिक्का और विशेष डाक टिकट जारी किया जाएगा। 22 अक्टूबर 2026 को रायपुर स्थित लोक भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के मुख्य आतिथ्य और शदाणी दरबार तीर्थ के नवम पीठाधीश्वर संत डॉ. युधिष्ठिर लाल महाराज के सान्निध्य में इनका विमोचन होगा। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की स्वीकृति के बाद यह पहल माता हासी देवी के आध्यात्मिक और सामाजिक योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।



संस्कार और आध्यात्मिक चेतना का प्रसार किया

माता साहिब हासी देवी दया, त्याग, सेवा और भक्ति की प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने सिंध की धरती पर धार्मिक पाठशालाओं और गुरु ग्रंथ साहिब की स्थापना कर धर्म, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना का प्रसार किया। उन्होंने भगत कंवर राम साहिब सहित अनेक बच्चों को संगीत एवं आध्यात्मिक शिक्षा देकर समाज को भक्ति, सदाचार और मानव सेवा की प्रेरणा दी। शदाणी दरबार तीर्थ के सचिव उदय शदाणी ने कहा कि स्मारक सिक्का और विशेष डाक टिकट जारी होना सिंधी समाज सहित देश-विदेश में बसे श्रद्धालुओं के लिए गौरव का अवसर है। माता साहिब की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में इस वर्ष भव्य जन्म जयंती महोत्सव और श्रीमद् देवी भागवत का आयोजन भी किया गया। यह विमोचन उनकी आध्यात्मिक विरासत और मानव सेवा के योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का अवसर होगा।

शहर में विजयादशमी को लेकर तैयारियों में जुटी आयोजन समितियां

सजने लगे दशहरा मैदान, रावण, कुंभकर्ण, मेघनाथ के आदमकद पुतले और भव्य आतिशबाजी होंगे आकर्षण

कार्नर न्यूज

रायपुर। राजधानी के डब्ल्यूआरएस कॉलोनी स्थित दशहरा मैदान में विजयादशमी के अवसर पर भव्य दशहरा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मर्यादापुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की विजय और बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक इस ऐतिहासिक आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। 101 फीट ऊंचे दशानन रावण के दहन और भव्य आतिशबाजी के बीच पूरा दशहरा मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठेगा। इस भव्य आयोजन में लगभग 5 लाख लोगों के पहुंचने की संभावना है। विजयादशमी उत्सव की तैयारियों को लेकर रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुरन्दर मिश्रा ने कहा प्रेसवार्ता के माध्यम से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूआरएस दशहरा मैदान में आयोजित होने वाला यह उत्सव राजधानी की सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यहां बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग, परिवार और श्रद्धालु शामिल होते हैं। ऐसे में आयोजन को भव्य बनाने के साथ-साथ सभी नागरिकों की सुविधा, सुरक्षा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस ऐतिहासिक आयोजन में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे सहित प्रदेश के मंत्रीगण, विधायकगण, पूर्व विधायक एवं निगम-मंडल के जनप्रतिनिधिगण शामिल होंगे।



लोगों से उत्सव में शामिल होने की अपील

विधायक पुरन्दर मिश्रा ने नागरिकों से अपील की कि वे परिवार सहित दशहरा उत्सव में शामिल होकर इस गौरवशाली सांस्कृतिक परंपरा के साक्षी बनें। साथ ही प्रशासन एवं आयोजन समिति के दिशा-निर्देशों का पालन करें, निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करें और दशानन रावण के दहन एवं आतिशबाजी के दौरान सुरक्षित दूरी बनाए रखें।

व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारी

उत्सव में पहुंचने वाले नागरिकों के वाहनों की व्यवस्थित पार्किंग तथा यातायात के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे, ताकि लोगों को आवागमन में असुविधा का सामना न करना पड़े। बड़ी संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं एवं नागरिकों के लिए स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर रहेगा। लाखों लोगों की संभावित मौजूदगी को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ के सुव्यवस्थित संचालन तथा आवश्यक दिशा-निर्देशों के पालन को प्राथमिकता दी जाएगी। किसी भी आकस्मिक स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्राथमिक उपचार, चिकित्सा सुविधाओं और आपातकालीन सेवाओं के समन्वय पर ध्यान दिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ नगर में दशहरा उत्सव की तैयारी



छत्तीसगढ़ नगर दशहरा उत्सव समिति द्वारा विगत 19 वर्षों से लगातार दशहरा उत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष देवेंद्र यादव के नेतृत्व में आयोजित यह उत्सव राजधानी सहित पूरे प्रदेश में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं वार्डवासियों के सामूहिक सहयोग से यह धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा निरंतर आगे बढ़ रही है। इस वर्ष दशहरा उत्सव में कलकत्ता की टीम द्वारा भव्य आतिशबाजी की जाएगी। इसके साथ ही 45 फीट ऊंचा रावण तथा 30-30 फीट ऊंचे कुंभकर्ण एवं मेघनाथ के पुतले तैयार किए जाएंगे।

खबर संक्षेप



नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए केटीयू में हुआ 'दीक्षारंभ' कार्यक्रम

रायपुर। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में मंगलवार को नवप्रवेशित पत्रकारिता-मीडिया विद्यार्थियों के 'दीक्षारंभ कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस मौके पर जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनोज दयाल ने पीआर के तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि, आज का समय गति से ज्यादा सटीकता का है। संस्थानों के लिए बाहरी प्रचार से अधिक आंतरिक जनसंपर्क जरूरी होता है। किसी भी संस्थान में मीडिया से संवाद के लिए 'सिंगल विंडो सिस्टम' होना चाहिए। संवादहीनता ही अधिकांश समस्याओं की जड़ है, इसलिए सकारात्मक खबरों को बढ़ावा दें और सही दिशा में संवाद जारी रखें। भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व महाप्रबंधक (जनसंपर्क) प्रशांत तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी बेहद प्रतिभाशाली है और आने वाले समय में कुछ बेहतरीन और रचनात्मक कार्य करेगी। कार्यक्रम को प्रशांत तिवारी, डॉ. शैलेंद्र खंडेलवाल व सुनील कुमार शर्मा आदि ने संबोधित किया।

97 हजार की ऑनलाइन ठगी

रायपुर। बिग बॉस्केट पर खरीदी कर रिफंड दिलाने के नाम पर 97 हजार रुपए की ठगी हो गई। प्रार्थी विजय अग्रवाल निवासी अमीन पारा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि एक मोबाइल धारक ने मोबाइल से संपर्क कर प्रलोभन दिया कि बिग बॉस्केट पर खरीदी करने पर उसे रिफंड दिलाएगा कहकर उसके वाट्सप नंबर पर विडियो कॉल करके एपीके एप्लिकेशन भेजा। इसे खोलते ही विजय के खाते से 97 हजार रुपए आहरण हो गए। पुलिस ने मामले में मोबाइल धारक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

चेक बाउंस मामले में 6 माह की सजा

रायपुर। 5 लाख रुपए का चेक बाउंस के एक मामले में कोर्ट ने आरोपी को 6 माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। परिवादी नरेश बाफना ने रायपुर जिला न्यायालय में प्रीति पालीवाल की कोर्ट में याचिका लगाई थी कि आरोपी ब्रजमोहन गुप्ता निवासी टाटीबंध ने ई-रिक्शा क्रय के लिए उससे 11 लाख 33 हजार रुपए लिए थे। इसके एवज में उसने 6 लाख 33 हजार रुपए का भुगतान किया तथा शेष 5 लाख रुपए का चेक दिया था। इस चेक को जब नरेश बाफना ने बैंक में जमा किया तो चेक बाउंस हो गया। इसके बाद भी ब्रजमोहन द्वारा इस राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा था, जिसे लेकर कोर्ट ने सुनवाई करते हुए मामले में आरोपी को दोषी मानते हुए धारा 138 के तहत 6 माह साधारण कारावास की सजा सुनाई है, साथ ही धारा 357-3 के तहत याचिकाकर्ता को साढ़े 5 लाख रुपए का भुगतान करने के निर्देश दिए हैं।

निधन



ललित देवड़ा

रायपुर। हनुमान नगर निवासी ललित देवड़ा (जैन)का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 अक्टूबर को मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया। वे पवन एवं प्रवीन देवड़ा के पिता थे।

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि :-

मेरे पक्षकार जीत कुमार आलवानी पिता स्व. श्यामलाल आलवानी, निवासी- ए–19, गुलमोहर वाटिका, महावीर नगर, रायपुर (छ.ग.) निम्नलिखित विवरण वाली अचल संपत्ति फ्लैट नं. सी-03 को उसके वर्तमान मालिक श्री ईश्वर प्रसाद पटेल पिता श्री रूपमोहन पटेल, निवासी- मुकाम सरडामाल, पोस्ट नंदेली, तहसील व जिला रायगढ़ (छ.ग.) से क्रय करने हेतु अनुबंध कर लिया है। अब आगे उक्त संपत्ति के विक्रय विलेख के निष्पादन व पंजीयन की प्रक्रिया शेष है।

संपत्ति का विवरण :- फ्लैट क्रमांक सी-03 (ग्राउण्ड फ्लोर) अपार्टमेंट जगन्नाथ इन्क्लेव, खसरा नं. 136/5, वार्ड क्रमांक 49 UID – RPR 445 C 00129, क्षेत्रफल–531.50 वर्गफुट, पता पुरैना महावीर नगर, रायपुर (छ.ग.) चतुर्सीमा – पूर्व में कामन पार्किंग, पश्चिम -गली (ओपन) के बाद अन्य की प्रापर्टी, उत्तर में - फ्लैट क्रमांक सी-04, दक्षिण में - फ्लैट क्रमांक सी-02 .

विशेष सूचना :-

वर्तमान विक्रेता के कथनानुसार उक्त संपत्ति के पूर्व के अंतरण विक्रय की मूल विक्रय विलेख जो कि दिनांक 21.07.2003 को निलय प्रमोटर्स एण्ड बिल्डर्स द्वारा शबनम चौबे एवं नेहा सिन्हा / अविनाश सिन्हा (दोनो नाबालिग) द्वारा श्री उमेश सिन्हा/श्री आर.एन. सिन्हा दोनों के पिता श्री आई.आर. सिन्हा के मध्य संपन्न हुआ था, उपलब्ध नहीं है (पूर्व विक्रेताओं से मुझे प्राप्त नहीं हुई है)।

सर्वसाधारण एवं वित्तीय संस्थानों को यह भी स्पष्ट रूप से सूचित किया जाता है कि वर्तमान विक्रेता द्वारा उक्त संपत्ति को बैंक ऑफ बड़ौदा, सुंदर नगर, रायपुर ब्रांच के पास बंधक रखकर गृह ऋण प्राप्त किया गया है, जिसकी अदायगी नियमानुसार की जा रही है।

मेरे पक्षकार (क्रेता) द्वारा उक्त बैंक के संपूर्ण बकाया ऋण को पूर्ण चुकता सीधे उक्त बैंक को कर वहां से अनापत्ति पत्र एवं बैंक में उपलब्ध समस्त मूल दस्तावेज प्राप्त करने के उपरांत ही इस सौदे को पूर्ण किया जायेगा।

अतः उक्त बैंक ऑफ बड़ौदा सुंदर नगर, रायपुर के घोषित ऋण के अलावा यदि किसी अन्य बैंक वित्तीय संस्था, पूर्व क्रेता/ विक्रेता, कानूनी उत्तराधिकारी या जन साधारण का उक्त संपत्ति अथवा उसके किसी पूर्ववर्ती मूल विक्रय विलेख के आधार पर कोई अन्य बंधक प्रभार, कोर्ट अटैचमेंट या दावा हो तो वे इस सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज प्रमाण प्रस्तुत करें। इसके पश्चात प्रस्तुत आपत्ति अवैध तथा शून्य मानी जायेगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेंगी। साथ ही समयावधि पश्चात मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति क्रय अन्यत्र हस्तांतरित, बंधक, रहन इत्यादि करने हेतु स्वतंत्र रहेंगे।

सो सूचना जाने।

रायपुर, दिनांक
दिनांक 10/10/2026

शिवानी मोटवानी (अधिवक्ता)
पता- बी-9, कैपिटल सिटी, फेस-2, सड्डू, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. 91112 21110

पुराने के स्थान पर स्मार्ट मीटर ही लगेंगे, ऐच्छिक का विकल्प नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अब तक 43 लाख मीटर बदले जा चुके हैं, बाकी को बदलने का चल रहा काम

प्रदेशभर के 60 लाख बिजली उपभोक्ताओं के पुराने मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी का साफ कहना है कि केंद्रीय विद्युत मंत्रालय ने स्पष्ट कर दिया है कि पुराने मीटरों के स्थान पर स्मार्ट मीटर ही लगेंगे। इसके लिए ऐच्छिक का कोई विकल्प नहीं है। ऐच्छिक का विकल्प प्रीपेड और पोस्टपैड के लिए दिया गया है। जो उपभोक्ता प्रीपैड कनेक्शन नहीं करवाना चाहेंगे, उनको बाध्य नहीं किया जाएगा।

केंद्र सरकार की योजना के तहत प्रदेश में पुराने मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। अब तक 43 लाख स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। उधर उप्र में स्मार्ट मीटरों को लेकर भारी बवाल मचा और वहां पर कनेक्शनों को प्रीपैड करने को लेकर भारी हंगामा भी हुआ। इसके बाद केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने लोकसभा में साफ कहा, कनेक्शन प्रीपैड करना जरूरी नहीं है। इसी के साथ यह बात भी सामने आई कि एक्ट में प्रीपैड का कोई प्रावधान ही नहीं है। इसके बाद उप्र में प्रीपैड योजना को बंद कर दिया गया।

स्मार्ट मीटरों पर बवाल : उप्र की तरह ही अपने प्रदेश में भी स्मार्ट मीटरों को लेकर बवाल मचा हुआ है। उपभोक्ता लगातार इसको लेकर शिकायतें कर रहे हैं। 16 हजार से ज्यादा शिकायतें मिली हैं। इसी के साथ कांग्रेस भी लगातार इसको लेकर प्रदर्शन कर रही है। स्मार्ट मीटरों को हटाने की मांग हो रही है। कांग्रेस उपभोक्ताओं से इसके लिए फार्म भी भरा रही है। इन फार्म को पॉवर कंपनी में दिया जाएगा और स्मार्ट मीटर हटाने की मांग की जाएगी।

सभी के मीटर बदले जाएंगे

पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के निर्देश में यह बात साफ है कि स्मार्ट मीटर को लेकर ऐसा कोई फैसला नहीं किया गया है कि यह ऐच्छिक है। स्मार्ट मीटर शहर से लेकर गांव तक हर उपभोक्ता के लिए अनिवार्य है। किसी भी उपभोक्ता को इसमें राहत नहीं दी जाएगी। योजना में केवल कृषि पंपों को ही अलग रखा गया है।



स्मार्ट मीटर अनिवार्य

भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय ने 12 अगस्त 2026 को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को स्मार्ट मीटर लगाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। स्मार्ट मीटरों को केंद्रीय मंत्रालय ने अनिवार्य बताया है, इसमें कोई छूट का प्रावधान नहीं है।

- मीना सिंह कंवर
एमडी, वितरण कंपनी

एक- दो अंकों से अनुत्तीर्ण छात्रों का ईयर बैक हटाने की मांग

एक कचौड़ी, दो समोसा... कृषि विवि का क्या भरोसा!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इंदिरा गांधी कृषि विवि में मंगलवार को सुबह से दोपहर तक छात्र नारे लगाते हुए बैठे रहे। यहां विद्यार्थी ईयर बैक वापस लेने की मांग लेते हुए प्रशासनिक भवन घेरकर बैठ गए। इस दौरान सोशल साइट्स पर ट्रेंड कर रहे "एक कचौड़ी, दो समोसा..." जैसे नारे छात्र लगाते रहे। छात्र संख्या को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। हालांकि बल प्रयोग अथवा गिरफ्तारी की स्थिति निर्मित नहीं हुई। छात्रों ने कृषि विवि पर खराब परीक्षा परिणाम का आरोप लगाते हुए एक-दो अंकों से फेल छात्रों का ईयर बैक वापस लेने की मांग की। इस दौरान छात्र नेताओं और कुलसचिव के बीच मांगों को लेकर तीखी बहस भी हुई।

- **सुबह से दोपहर तक लगते रहे प्रशासनिक भवन के आगे नारे**



डेटा सार्वजनिक करने की मांग

प्रदर्शनकारियों ने बीएससी कृषि यूजी पाठ्यक्रम के परीक्षा परिणामों पर सवाल उठाते हुए प्रभावित विद्यार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं की निष्पक्ष पुनः जांच, संशोधित परिणाम जारी करने और ईयर बैक नियम समाप्त करने की मांग की। साथ ही पुनर्मूल्यांकन शुल्क में राहत तथा ग्रेस मार्क्स के नियमों में छात्रहित में संशोधन की मांग उठाई। एनएसयूआई के पुनेश्वर लहरे ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के फेल-पास परिणामों और उपस्थिति से संबंधित पूरा डेटा सार्वजनिक करे, ताकि छात्र अपनी वास्तविक शैक्षणिक स्थिति जान सकें। विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़े मुद्दों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। परीक्षा मूल्यांकन में पारदर्शिता और छात्रहित में उचित निर्णय लेना विश्वविद्यालय की जिम्मेदारी है।

प्रदर्शन के दौरान कुलसचिव को थप्पड़ मारने की धमकी

कृषि विवि में प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई नेता पुनेश्वर लहरे का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वह कृषि विवि के कुलसचिव को थप्पड़ मारने की धमकी देते दिख रहा है। वह एनएसयूआई के रविवि इकाई का अध्यक्ष है। पूरे मामले में अब एबीवीपी ने अपना विरोध जताया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कहा, कारण चाहे जो भी हो, एनएसयूआई के पुनेश्वर लहरे द्वारा गुरु एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलसचिव को थप्पड़ मारने की धमकी देना अत्यंत निंदनीय एवं अस्वीकार्य है। शैक्षणिक संस्थानों में गुरुजनों एवं विश्वविद्यालय के जिम्मेदार पदाधिकारियों के प्रति इस प्रकार का अमर्यादित व्यवहार किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता। मतभेद हो सकते हैं, लेकिन उनका समाधान संवाद एवं संवैधानिक तरीकों से होना चाहिए, न कि धमकी और अभद्रता से।

- **एनएसयूआई नेता का वीडियो वायरल, एबीवीपी ने जताया विरोध**

निष्कासन की मांग

एबीवीपी के प्रदेश सह मंत्री प्रथम फुटाने ने एनएसयूआई संगठन से इस मामले में कठोर संगठनात्मक कार्रवाई करते हुए पुनेश्वर लहरे को निष्कासित करने और कुलसचिव से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है। एबीवीपी ने कहा, असहमति व्यक्त करने का अधिकार सभी को है, लेकिन धमकी और अभद्रता को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

पुनः जांची जाएं उत्तरपुस्तिकाएं

विद्यार्थियों का कहना है कि कई विषयों में एक-दो अंकों से अनुत्तीर्ण होने के कारण उनका पूरा शैक्षणिक वर्ष बर्बाद होने की स्थिति बन रही है। ईयर बैक नियम के चलते आगे की पढ़ाई भी प्रभावित हो सकती है। छात्रों ने मांग की कि विश्वविद्यालय उत्तरपुस्तिकाओं की दोबारा जांच कराए और छात्रहित में आवश्यक बदलाव करे, ताकि विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई जारी रखने का उचित अवसर मिल सके। प्रदर्शन में हेमंत पाल , अंकित बंजारे, अमित कुर्रे, विकास मित्तल, रूबेन उइके, सूर्यकांत सहित बड़ी संख्या में छात्र शामिल रहे।

गोदड़ीवाले संत बाबा हरदासराम साहेब का वर्सी महोत्सव आज से



रायपुर। देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में संत बाबा गेलाराम साहेब के आशीर्वाद से व देवपुरी धाम की महंत अम्मा मीरा देवी व जलगांव धाम के महंत साई देवीदास के सानिध्य में 3 दिवसीय वर्सी महोत्सव श्रद्धा हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के 11 गोदड़ीधाम के अलावा भारतवर्ष के 65 गोदड़ीवाला धाम में से अनेक धाम के श्रद्धालु व बाबा भक्तों का आगमन शुरू हो गया है। तीन दिवसीय कार्यक्रम में पहले दिन बुधवार को सुबह 10 बजे हवन होगा। इसके बाद सुबह 11बजे झंडावंदन का कार्यक्रम होगा और शाम 5 बजे से रात्रि 1 बजे तक संत महात्माओ व भजन मंडलियों द्वारा सत्संग व भजनों के कार्यक्रम होंगे। वही शाम 8 बजे अखंड पाठ साहेब का आरंभ होगा। यह जानकरी दरबार के सेवादारी इंदर सचदेव, हरि इसरानी, अमर गिदवानी,सतीश थोरानी, पवन प्रीतवानी सुनील काशवानी ने देते हुए बताया कि 14 अक्टूबर हैदराबाद के मशहूर हॉस्पीटल एआईजी के सुप्रसिद्ध डॉ मोहन रामचंदानी एमडी, डीएम द्वारा निशुल्क स्वास्थ शिविर जिसमे पेट, लिवर, व आतों से संभधित समस्याओ के लिए विशेष परामर्श जाँच शिविर सुबह 9 बजे से शाम चार बजे तक लगया जाएगा।

बिजनेस साइट

श्री साईं मोबाइल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स में मेगा ड्रॉ ऑफर, थार रॉक्स जीतने का मौका



रायपुर। नवरात्रि और दीपावली के मौके पर महादेव घाट स्थित श्री साईं मोबाइल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स ने ग्राहकों के लिए मेगा ड्रॉ और आकर्षक फाइनेंस ऑफर पेश किए हैं। संस्थान के संचालक के अनुसार, ग्राहक 4999 रुपए के डाउनपेमेंट पर आईफोन खरीद सकते हैं। इसके साथ प्रीमियम गिफ्ट और आसान ईएमआई के विकल्प भी उपलब्ध हैं। मेगा ड्रॉ में प्रथम पुरस्कार थार रॉक्स, दूसरे पुरस्कार में हंटर 350 बाइक और तीसरे पुरस्कार में एक्टिवा स्कूटर रखा गया है। इसके अलावा आईफोन 17, वॉशिंग मशीन और एलईडी टीवी जीतने का अवसर भी मिलेगा। नवरात्रि से दीपावली तक हर सप्ताह इलेक्ट्रिक स्कूटर जीतने का मौका दिया जा रहा है। प्रतिष्ठान में आईफोन, सैमसंग और रियलमी सहित विभिन्न कंपनियों के स्मार्टफोन उपलब्ध हैं। चुनिंदा मॉडलों पर विशेष फाइनेंस योजनाएं और क्रेडिट कार्ड से खरीदारी पर 10 प्रतिशत छूट का ऑफर भी है। रियलमी 16 प्रो सीरीज पर गिफ्ट और वाउचर के लाभ दिए जा रहे हैं। प्रतिष्ठान की दूसरी शाखा सुंदर नगर में डंगनिया तालाब के पास स्थित है।

मैट्स विश्वविद्यालय का 'उमंग 2026' कार्यक्रम संपन्न



रायपुर। मैट्स विश्वविद्यालय के मैट्स स्कूल ऑफ लाइब्रेरी साइंस विभाग की ओर से सामाजिक सहभागिता के तहत 'उमंग 2026' कार्यक्रम का आयोजन कोपलवाणी संस्था, सेमरिया में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक कार्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें संवेदनशील नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान लाइब्रेरी साइंस के विद्यार्थियों ने संस्था के दिव्यांग बच्चों के साथ समय बिताया। उन्होंने बच्चों से बातचीत की और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में भाग लेकर उनके साथ खुशियां साझा कीं। विभाग की ओर से बच्चों को उपहार स्वरूप ड्राइंग शीट और रंग सामग्री भी वितरित की गई। कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ. कल्पना चन्द्राकर ने सामाजिक सहभागिता के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. प्रमोद कुमार ने विश्वविद्यालय की ओर से किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गजराज पगारिया, महानिदेशक प्रियेश पगारिया, कुलपति प्रो. डॉ. के.पी. यादव, उपकुलपति डॉ. दीपिका ढांढ और कुलसचिव गोकुलानंदा पंडा ने आयोजन की सराहना करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक संजय शाहजीत और ओमलता साहू का विशेष सहयोग रहा।

एमजीएम स्कूल में एआई और रोबोटिक्स लैब शुरू



रायपुर। गायत्री नगर स्थित एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए एआई एवं रोबोटिक्स लैब का उद्घाटन किया गया। सेंट थॉमस मिशन, डायोसेसन मिशन एजुकेशन बोर्ड, कोलकाता के अध्यक्ष एवं प्रबंधक एलेक्सियोस मार यूसेबियस ने लैब का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष फादर जोस मेथ्यू, सचिव अनिल मेथ्यूज, कोषाध्यक्ष मनोज मेथ्यू और पालक समिति के सदस्य शीबू जॉन उपस्थित रहे। प्राचार्या डॉ. लीना आर. जैकब ने कहा कि लैब से विद्यार्थियों को विज्ञान, तकनीक और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में प्रयोग, नवाचार और समस्या समाधान का अवसर मिलेगा। प्रबंधन के अनुसार, एआई एवं रोबोटिक्स लैब की पहल अंजू दीवान ने की, जिसे उमर दराज ने साकार किया। इस दौरान आर्ट लाइब्रेरी का भी उद्घाटन हुआ। इसका निर्माण आर्ट मास्टर जीत शेखर और उनकी टीम ने किया है। इससे विद्यार्थियों को रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा।

विशेष बच्चों के अभिभावकों को सिखाए तनाव प्रबंधन के तरीके



रायपुर। विशेष जरूरतों वाले बच्चों के अभिभावकों को सहयोग और मार्गदर्शन देने जागरूक पेरेंट्स एसोसिएशन ने अभिभावक सम्मेलन आयोजित किया। पॉल हैमलिन फाउंडेशन के सहयोग से संचालित इस पहल के तहत 350 से अधिक अभिभावकों के साथ काम किया जा रहा है। सम्मेलन में 50 से अधिक अभिभावकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में अभिभावकों ने बच्चों की देखभाल से जुड़े अनुभव साझा किए और अनुभवी अभिभावकों से जरूरी जानकारियां लीं। इस दौरान छह पेरेंट्स सपोर्ट ग्रुप को सम्मानित किया गया। मनोरंजक खेलों के विजेताओं को पुरस्कार भी दिए गए। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष जगन्नाथ कोम्पेला ने कहा कि विशेष बच्चों की देखभाल में कई अभिभावक अपनी जरूरतों और खुशियों को नजरअंदाज कर देते हैं। डॉ. पटेल ने समय पर उचित कदम उठाने और बच्चों की देखभाल संबंधी जानकारी हासिल करने पर जोर दिया। एसोसिएशन की संस्थापक डॉ. मीता मुखर्जी के प्रयासों की भी सराहना की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को मानसिक तनाव से निपटने और जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने में सहयोग देना था।

पेज 03 के शेष ....

सराफा व्यापारी से दो ...

का खुलासा हुआ है। इस ठगी में शामिल दूसरी महिला की तलाश की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने इस घटना का खुलासा करते हुए बताया कि भाठागांव निवासी सराफा व्यापारी रिखब बरड़िया से दो महिलाओं ने जेवरात लेकर पैसे नहीं देकर ठगी की है। इस घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच की, तो पता चला कि 24 अगस्त को आरोपी महिला किरण साहू पति गोपाल (28) मजदूर नगर सरोरा थाना उरला की रहने वाली है। वह अपनी अन्य साथी महिला के साथ रिखब बरड़िया की ज्वेलरी दुकान में जेवरात खरीदने पहुंची थी। इस दौरान किरण ने खुद को नगर निगम के आवास विभाग की कर्मचारी बताया। सरकारी कर्मचारी बताने के कारण सराफा व्यापारी भी उसके झांसे में आ गया। किरण एवं उसकी साथी महिला ने इस दौरान ज्वेलरी दुकान से करीब 37 लाख रुपए के जेवरात खरीदे। इसके बदले उन्होंने 250 ग्राम सोने का बिस्किट और 7 लाख रुपए कैश दिए। बाकी 15 लाख रुपए के भुगतान के लिए चेक दिया। इसके 2 दिन के बाद 26 अगस्त को दोनों महिलाएं फिर रिखब की दुकान पहुंचीं। इस बार उन दोनों ने 1 करोड़ 73 लाख रुपए के सोने-चांदी और हीरे के जेवरात लिए। इन जेवरातों के भुगतान के लिए महिला ने रिखब को दोबारा चेक दिया। चेक के साथ महिलाओं ने रिखब को दो से तीन दिनों के भीतर सोने का बिस्किट देने की भी बात कही। पहली बार खरीदी के दौरान लेनदेन सही होने के कारण रिखब भी उनकी बातों में आ गया और बिना किसी संकोच के चेक लेकर जेवरात उन्हें दे दिए।

चेक बाउंस होने के बाद रुपए...

रिसीव करना ही बंद कर दिया। इस तरह दोनों महिलाओं ने कुल 1 करोड़ 88 लाख 37630 रुपए की धोखाधड़ी की। पुलिस ने इस मामले में मास्टर माइंड किरण को गिरफ्तार किया है, वहीं उसकी साथी महिला की तलाश की जा रही है।

विसर्जन कुंड में 2 मोटर पंप ...

अक्टूबर को दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन की तैयारी में नगर निगम जुट गया है। इसके लिए जल्द ही निगम आयुक्त के आदेश पर तीन पालियों में जोनवार अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। गणेश प्रतिमाओं के सम्मानपूर्वक विसर्जन के बाद महादेवघाट के खारुन नदी किनारे स्थित विसर्जन कुंड और उसके आसपास के क्षेत्र से विसर्जन के दौरान फैले ढांचों और पूजन सामग्री सहित कुंड में जमा गंदगी को पूरी तरह साफ कर लिया गया है। कुंड की तलछटी से गाद निकालने के बाद नगर निगम द्वारा दोबारा विसर्जन कुंड में नदी का साफ पानी भरा जा रहा है। इस कार्य के लिए 2 मोटर पंप की व्यवस्था की गई है। जोन 8 के माध्यम से कुंड में साफ पानी भरकर इसे दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए तैयार किया जा रहा है।

भारत-जिम्बाब्वे टी-20 में टिकट...

के सामने टिकट बिक्री से होने वाली कमाई और मैच के खर्च को लेकर चुनौती खड़ी हो गई है। नवरात्रि और त्योहारों के सीजन में मुकाबला होने के कारण दर्शकों का रुझान कम रहने की बात कही जा रही है। आयोजकों ने सबसे सस्ता टिकट 250 रुपए रखा है, इसके बावजूद बड़ी संख्या में सीटें खाली हैं। जानकारी के मुताबिक, लोअर स्टैंड के अलग-अलग हिस्सों में 85 से 90 प्रतिशत तक सीटें खाली बताई जा रही हैं। वहीं वीआईपी, सिल्वर, गोल्ड, प्लेटिनियम और कॉरपोरेट बॉक्स श्रेणियों में भी बुकिंग 10 प्रतिशत से कम होने की जानकारी है। ***आईपीएल के मुकाबले काफी सस्ते हुए टिकट :*** रायपुर में पहले आयोजित पुरुष क्रिकेट के वनडे, टी-20 और आईपीएल मुकाबलों के दौरान टिकटों की अच्छी मांग रही है। इन मैचों में टिकट बिक्री से क्रिकेट संघ को करोड़ों रुपए की कमाई होने की बात कही गई है। आईपीएल के दौरान गोल्ड श्रेणी की टिकट 15 हजार रुपए से अधिक में बिकने की तुलना में इस महिला टी-20 मुकाबले में इसकी कीमत 2,500 रुपए रखी गई है। वहीं, प्लेटिनियम और कॉरपोरेट श्रेणी के टिकट, जिनकी कीमत आईपीएल के दौरान करीब 30 हजार रुपए तक बताई गई थी, इस बार 3,500 रुपए में उपलब्ध हैं। ***जिम्बाब्वे की महिला टीम ने मैदान पर बहाया पसीना :*** भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज के मुकाबले से पहले मंगलवार को जिम्बाब्वे की महिला क्रिकेट टीम ने शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में जमकर अभ्यास किया। खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण पर विशेष ध्यान दिया। कप्तान जोसेफिन नकोमो के साथ बिलव्ड बीजा, चिपो मुगेरी-तिरीपानो, केलिस नदलोवु, मिचेल मावुंगा, फ्रांसिस्का चिपारे और ओलिंडर चारे समेत अन्य खिलाड़ियों ने मैदान पर अभ्यास किया।

कस्टम मिलिंग घोटाला, कांग्रेस...

था। इसके बाद ईडी ने पूछताछ के लिए रिमांड पर ले रखा था। पांच दिन की रिमांड आज खत्म होने पर उन्हें विशेष अदालत में पुनः पेश किया। इस पूछताछ के दौरान ईडी को कस्टम मिलिंग घोटाला से संबंधित कौन-कौन से सबूत मिले, इस संबंध में अभी कोई भी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। हालांकि यह जरूर आशंका जताई जा रही है कि इस पूछताछ में ईडी के हाथ कुछ ऐसे सबूत भी लगे हैं, जो कस्टम मिलिंग घोटाला से जुड़े हुए हैं।

बसस्टैंड बना गांजा की तस्करी....

यह कार्रवाई बताती है कि बसस्टैंड में प्रतिबंधित गांजा का कारोबार थम नहीं रहा है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली थी कि भाठागांव स्थित बसस्टैंड में सुलभ के पास एक व्यक्ति बड़ी मात्रा में गांजा रखा हुआ है। इस सूचना पर निरीक्षक राजेश सिंह के नेतृत्व में टीम कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंची। पुलिस ने घेराबंदी कर व्यक्ति को पकड़कर उसके पास के नीले पिट्ठू बैग की तलाशी ली, जिसमें गांजा भरा हुआ मिला। गांजा की वजन 2.067 किलोग्राम पाया है, जिसका बाजार मूल्य 1 लाख 3350 रुपए आंका गया है।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती मन्जू देवांगन, पति श्री मोहन देवांगन निवासी एकता जूस सेन्टर, रा.डी. तिवारी स्कूल, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता कैलास पाण्डे पिता स्व. केशव पाण्डे निवासी म.नं.-164, वार्ड नंबर 43, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के हक, कब्जे एवं स्वामित्व की भूमि जो कि वार्ड नंबर 43 के अंतर्गत मकान क्रमांक 164 रकबा 168 वर्गफुट एवं मकान नंबर 303 कुल रकबा 4726 वर्गफुट खुला प्लाट जो कि बंधवापारा, हनुमान मंदिर के बाजू, लाखेनगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है, को क्रय करने का सौदा पक्का कर ब्याना अदा कर दिया है, तथा विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन किया जाना शेष है।

यह कि उपरोक्त क्रय विक्रय पर यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, बोर्ड, प्राधिकरण निगम, केन्द्र शासन, राज्य शासन, साहूकार आदि को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के इस सूचना प्रकाशन से 07 दिनों के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर प्रस्तुत करें। समाचार पत्र मे प्रकाशन के माध्यम से की गई आपत्ति / खंडन स्वीकार योग्य नही होगी। निर्धारित समयावधि पश्चात विक्रयपत्र की लिखा-पढ़ी एवं रजिस्ट्री करा ली जावेगी, उस दशा में प्राप्त आपत्ति झूठी एवं नाजायज करार दी जावेगी तथा वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

अतः ताकीद जाने ।

रायपुर
दिनांक 12.10.2026

भवदीय
सुनील तिवारी, अधिवक्ता (नोटरी)
पता म.नं.-18 रिक्रेयेशन मार्ग
चौबे कालोनी, रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)
मो.94242-24806,
83195-95531, 98261-84300

आम सूचना
(मूल विक्रय विलेख के गुमशुदगी के संबंध में)

"संविलियन खसरा क्र.-15014/68 (पुराना खसरा क्र.-212/3 व 213/1 का भाग), कुल रकबा- 1000 वर्ग फुट, जो कि, शिवम सिटी-मीरा नगर, ग्राम-सड्डू, प.ह.न.-109/39 (पुराना)/44 (नया), कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड-26 (पुराना)/7 (नया), तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) में स्थित है," के संबंध में आम सूचना -

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित संपत्ति वर्तमान में रोहिणी चोले पति तपेश चोले के स्वत्व व आधिपत्य की संपत्ति है, जिससे संबंधित पूर्व का एक विक्रय विलेख जिसका निष्पादन विजय कुमार साहू व अन्य द्वारा नीरज शर्मा व धीरज शर्मा के पक्ष में किया गया था, जिसका पंजीयन दिनांक - 28.11.2014 को पुस्तक क्र.-अति -1, ग्रंथ क्र.-65087 में दस्तावेज क्र.-6325 (HQ) देकर उप-पंजीयक कार्यालय रायपुर में किया गया था, आज दिनांक को अत्यधिक प्रयास के बाद भी नहीं मि

खबर संक्षेप

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने 31 तक चलेगा विशेष अभियान

रायपुर। मतदाता सूची को सही, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत नागरिक 31 अक्टूबर तक मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने, दर्ज विवरणों में संशोधन कराने और नियमानुसार नाम विलोपित कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। अभियान के दौरान मतदान केंद्रों पर फार्म-6 उपलब्ध रहेगा जिसे नाम जुडवाने भरा जा सकता है। मतदाता सूची में दर्ज नाम, पता, आयु और अन्य जानकारियों की जांच की जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने नागरिकों से अपील की है कि वे मतदाता सूची में अपने नाम और अन्य विवरणों की जांच जरूर करें। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम सूची में दर्ज नहीं है, तो वह नाम जुड़वाने के लिए आवेदन करे। वहीं, नाम, पता, आयु या अन्य विवरणों में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर नियमानुसार संशोधन कराया जा सकता है। नाम और विवरणों की जांच जरूरी मतदाता सूची में सही जानकारी दर्ज होना मतदान प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कई बार स्थान परिवर्तन, विवरणों में गलती या नाम दर्ज नहीं होने के कारण नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में विशेष अभियान के दौरान मतदाता सूची की जांच कराकर जरूरी सुधार कराना उपयोगी होगा। अभियान के तहत नाम जोड़ने, हटाने और विवरणों में संशोधन का काम निर्धारित नियमों के अनुसार किया जा रहा है।

सूक्ष्मजीव विज्ञान कार्यशाला में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने लिया भाग



रायपुर। शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी भिलाई के सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग द्वारा "मूलभूत सूक्ष्मजीव वैज्ञानिक तकनीकें" विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को सूक्ष्मजीव विज्ञान की मूलभूत अवधारणाओं के साथ प्रयोगशाला में उपयोग की जाने वाली व्यावहारिक तकनीकों का प्रशिक्षण देना था। इसमें 100 से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यशाला का उद्घाटन विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ स्मिता सेलट ने करने हुए कहा कि उच्च शिक्षा एवं वैज्ञानिक विकास में शोध की महत्वपूर्ण भूमिका है। विद्यार्थियों को जिज्ञासा, नवाचार और शोध के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए। अधिष्ठाता डॉ. प्राची निमजे ने सूक्ष्मजीव विज्ञान एवं नैनोकण आधारित तकनीकों के समन्वय से अंतर्विषयी शोध की संभावनाओं पर जानकारी दी। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. नरेश कुमार देवांगन, डॉ. नरेश कुमार देवांगन, डॉ. श्वेता सिंह चौहान, डॉ सुशील चंद्र तिवारी आदि उपस्थित रहे।

हज कमेटी के अध्यक्ष का सम्मान



रायपुर। पिछले दिनों मोतीबाग के पास स्थित हजरत शेर अली आगा रहमतुल्लाह अलैह बंजारी वाले बाबा का उर्स मनाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में जायरीन पहुंचे। उर्स के मौके पर उर्स कमेटी द्वारा छत्तीसगढ़ हज कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा एजाज बेग का सम्मान किया गया।

दो माह में चावल 30 रुपए, राहर दाल 50 रुपए महंगी, शक्कर के दाम भी बढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

त्योहारी सीजन आते ही अब चौतरफा महंगाई की मार पड़ने लगी है। दो माह में ही चावल के दाम जहां 30 रुपए बढ़ गए हैं, वहीं राहर दाल के दाम तो आसमान पर चले गए हैं। इसके दाम में 50 रुपए का इजाफा हो गया है। जो दाल दो माह पहले चिल्हर में 110 रुपए थी, उसके दाम अब 160 रुपए हो गए हैं। शक्कर के दाम भी फिर से बढ़ने लगे हैं। जो शक्कर थोक में 46 रुपए हो गई थी, उसके दाम वापस अब 51 से 52 रुपए और चिल्हर में 55 से 60 रुपए हो गए हैं। हमेशा से ही त्योहारी सीजन के पहले एक तरह से सिंडीकेट बनाकर सामान के दाम बढ़ाने का काम किया जाता है।

महंगाई पूरी तरह से लंबे समय से बेलगाम है। एक सामान के दाम से आम आदमी उबर भी नहीं पाता कि दूसरे सामान के दाम बढ़ जाते हैं। आम आदमी का बजट हर माह बिगड़ रहा है। छोटे परिवार का बजट हर माह बढ़ जा रहा है। छोटे परिवार में पहले एक माह का राशन चार हजार में आ जाता था, अब पांच हजार से ज्यादा लग रहे हैं।

दालों में महंगाई का उबाल

दालों के दाम में भी महंगाई का उबाल आ गया है। सबसे ज्यादा बिकने वाली राहर दाल लंबे समय से अच्छी क्वालिटी की 100 से 110 रुपए थी, लेकिन अब इसके दाम 50 रुपए बढ़ गए हैं। थोक में इसके दाम 150 रुपए और चिल्हर में 160 रुपए हो गए हैं। इसी के साथ दूसरी दालों के दाम में भी इजाफा हो गया है। हमेशा 70 से 80 रुपए में बिकने वाली चना दाल के दाम थोक में ही 100 रुपए हो गए हैं। चिल्हर में इसके दाम 110 रुपए हैं। उड़द दाल थोक में 140 और चिल्हर में 150 रुपए हो गई है। मूंग थोक में 120 और चिल्हर में 130 रुपए, देशी चना थोक में 85 रुपए और चिल्हर में 90 रुपए हो गया है।

त्योहारी सीजन में सिंडीकेट बनाकर मुनाफाखोरी के लिए बढ़ा रहे दाम



पतले चावलों के ऐतिहासिक दाम

पतले चावलों की कीमत में पहली बार ऐतिहासिक इजाफा हुआ है। मप्र सिवनी का काली मूंछ चावल बहुत ज्यादा पसंद किया जाता है। इसके दाम में दो माह में 20 रुपए तक का इजाफा हुआ है। कारोबारियों के मुताबिक इसके दाम दो माह पहले थोक में 50 रुपए थे, जो अब 70 रुपए हो गए हैं। ऐसे में चिल्हर में इसके दाम 75 से 80 रुपए किलो हो गए हैं। एचएमटी चावल के दाम पहले थोक में 45 रुपए थे, इसके दाम थोक में 65 से 68 और चिल्हर में 75 रुपए हो गए हैं। अब्बा हुजूर चावल के दाम थोक में 60 रुपए से सीधे 90 रुपए हो गए हैं। चिल्हर में इसकी कीमत 100 रुपए हो गई है। जय श्री राम चावल के दाम में भी 20 रुपए का इजाफा हुआ है। इसके दाम थोक में पहले 50 से 55 रुपए थे, जो अब 70 से 75 और चिल्हर में 75 से 80 रुपए हो गए हैं। जवां फूल चावल के दाम थोक में 90 रुपए से बढ़कर अब 120 रुपए हो गए हैं। चिल्हर में इसके दाम 130 रुपए हैं।

शक्कर चिल्हर में 55 से 60 रुपए

शक्कर के दाम ऐतिहासिक 70 रुपए तक जाने के बाद थोक में इसके दाम इस माह के प्रारंभ में 46 से 47 और चिल्हर में 50 रुपए हो गए थे, लेकिन अब इसके दाम थोक में ही 51 से 52 रुपए हो गए थे। चिल्हर में इसके दाम 55 से 60 रुपए किलो है। इसके दाम में अभी राहत की संभावना नहीं है।

अटका हुआ है अलग कैडर का मामला

सालभर से न्यूरोलॉजिस्ट का पद खाली अब न्यूरोसर्जन नौकरी छोड़ने की तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ब्रेन व नस से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे मरीजों का इलाज करने वाले न्यूरो लॉजिस्ट का पद खाली है और न्यूरो सर्जन नौकरी छोड़ने की तैयारी में हैं। हालांकि डीके हास्पिटल में न्यूरो सर्जरी के लिए पांच डाक्टर मौजूद हैं, पर इस्तीफे से सुपरस्पेशलिटी डाक्टरों के अलग कैडर का मामला फिर गरमा रहा है। सरकारी सेक्टर में कम वेतन की वजह से निजी हास्पिटल के बड़े पैकेज सुपरस्पेशलिटी डाक्टरों को अपनी ओर खींच रहे हैं। राज्य में नियमित डाक्टरों की संख्या दस से कम चुकी है और संविदा आधार काम करने वाले 90 फीसदी डाक्टरों का समय-समय पर इस्तीफा उनके असंतोष को सामने लाता है।

शासकीय सेक्टर के इकलौते और डीके हास्पिटल में न्यूरो से संबंधित मरीजों का इलाज करने वाले न्यूरोलॉजिस्ट ने इस्तीफा दे दिया था। उनकी कमी को दूर करने के लिए अस्पताल प्रबंधन सालभर बाद भी सफल नहीं हो पाया है। अस्पताल के न्यूरो सर्जरी विभाग में आने वाले दिनों मे थोड़ी दिक्कत हो सकती है, क्योंकि विभागाध्यक्ष डा. राजीव साहू तीन माह के नोटिस पीरिएड में अपनी सेवा दे रहे हैं।

उनके इस्तीफे ने एक बार फिर सुपरस्पेशलिटी डाक्टरों के कम वेतन और अलग कैडर की जरूरत को फिर सामने ला दिया है। सुपर स्पेशलिटी डाक्टरों को जो वेतन दिया जा रहा है वह निजी हास्पिटल के 6 लाख के पैकेज का एक तिहाई है इसलिए सरकारी सेवा से इस्तीफा देने का दौर खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। शासकीय सेक्टर में सालों से नियमित सुपरस्पेशलिटी डाक्टरों की संख्या दस से आगे नहीं बढ़ रही है और संविदा आधार पर काम करने वाले बेहतर मौका मिलते ही नौकरी छोड़ देते हैं।

मुख्य मसला कम वेतन निजी हास्पिटलों के बड़े पैकेज खींच लेते है सुपरस्पेशलिटी डाक्टर



चार सर्जन दे रहे सेवा

अस्पताल प्रबंधन से जुड़े चिकित्सकों का तर्क है कि न्यूरो सर्जरी विभाग में मरीजों के उपचार में ज्यादा प्रभाव नहीं होगा, क्योंकि वहां अभी चार सर्जन सेवा दे रहे हैं। न्यूरो सर्जरी में डा. लवलेश राठौर, डा. नमन चंद्राकर, डा. मनीष टावर और डा. अभिषेक मरीजों की जांच के साथ जरूरी इलाज कर रहे हैं। न्यूरोलॉजिस्ट डा. अभिजीत कोहट के जाने के बाद से उनका विकल्प नहीं मिला है, इसलिए दवाओं के माध्यम से मरीजों का आवश्यक उपचार प्रभावित हुआ है।

फाइल चलकर फिर अटकती है

गंभीर बीमारियों का इलाज करने वाले सुपर स्पेशलिटी डाक्टरों के अलग कैडर की फाइल अक्सर शासन स्तर पर चलती है, फिर किसी ना किसी कमी का हवाला देकर वापस चिकित्सा शिक्षा विभाग के पास लौट आती है। डाक्टरों का तर्क है कि अलग कैडर नहीं होने की वजह से अधिक पढ़ाई करने के बाद भी उन्हें चिकित्सा विशेषज्ञ के समकक्ष की वेतन और सुविधाएं दी जाती है। अलग कैडर के दौरान सुपर स्पेशलिटी डाक्टरों का वेतन 50 से एक लाख रुपए बढ़ाने और तीन साल इंक्रीमेंट जैसी सुविधा देने की मांग की जा रही है।

छात्र संगठनों की मांग शामिल

चिकित्सा छात्र संगठन यानी जूनियर डाक्टर एसोसिएशन और सीजीडीएफ की विभिन्न मांगों में सुपर स्पेशलिटी डाक्टरों के लिए पृथक कैडर की मांग भी शामिल है। जूडा के प्रदेश अध्यक्ष डा. रेशम सिंह का तर्क है कि इससे सुपर स्पेशलिटी डाक्टरों को उनकी योग्यता के अनुरूप सुविधाएं मिलेंगी, जिससे और मरीजों को इलाज के लिए स्थायी चिकित्सकों की सुविधा मिलेगी।

नवरात्रि पर्व में दूधिया रोशनी से नहाया शंकर नगर का बीटीआई ग्राउंड

80 लाख रुपए की लागत से 8 सेट हाई मास्ट लाइट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शंकर नगर क्षेत्र स्थित बीटीआई खेल मैदान मंगलवार को दूधिया रोशनी से जगमगा उठा। 80 लाख रुपए की लागत से 8 नई हाई मास्ट लाइट का शुभारंभ नवरात्रि पर्व में नन्ही बालिका कुमारी पुष्पा के हाथों बटन दबाकर किया गया। इस मौके पर रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे और नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर सहित वार्ड पार्षद राजेश गुप्ता सहित जन प्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित रहे।

नगर निगम जोन 3 के शंकर नगर वार्ड स्थित बीटीआई ग्राउंडनगर निगम विद्युत विभाग ने राज्य शासन के द्वारा स्वीकृत 5 करोड़ रूपये अनुदान अंतर्गत 16-16 लाईट वाले 8 नए हाई मास्ट लाइट की सौगात वार्डवासियों को दी। महापौर मीनल चौबे ने नवीन हाई मास्ट लाइट के संभावित विद्युत देयकों का नियंत्रण इसमें मीटर लगाकर और आयोजनकर्ता से लागत मूल्य लेकर करने कहा। वार्ड पार्षद राजेश गुप्ता ने बीटीआई ग्राउंड शंकर नगर में दूधिया रोशनी की शानदार सौगात देने पर वार्डवासियों की ओर से रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे सहित कार्यक्रम में मौजूद जन प्रतिनिधियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, नगर निगम विद्युत विभाग अध्यक्ष सुमन पाण्डेय, छत्तीसगढ़ छग राज्य श्रम कल्याण मण्डल उपाध्यक्ष किशोर महानन्द, एमआईसी सदस्य संतोष साहू, जोन अध्यक्ष साधना साहू, पार्षद राजेश गुप्ता, पुष्पा साहू, प्रदीप वर्मा, एल्डरमैन मित्रसेन धीमान, राजू राघवानी, पूर्व पार्षद प्रमोद साहू, अनूप खेलकर, सोनू सलूजा, अपर आयुक्त विनोद पांडे सहित वार्ड वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

- विधायक पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकान्त राठौड़ कार्यक्रम में रहे उपस्थित

फेडरेशन ने जताई अनुकंपा नियुक्ति खत्म करने की आशंका, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कमल वर्मा सहित कर्मचारी नेताओं ने सरकार को चेताया, बोले- व्यवस्था समाप्त हुई तो प्रदेशव्यापी आंदोलन

छत्तीसगढ़ में अनुकंपा नियुक्ति की वर्तमान व्यवस्था समाप्त किए जाने की आशंका कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने जताई है। शासन स्तर पर इस व्यवस्था को खत्म करने पर विचार किए जाने की जानकारी सामने आने के बाद कर्मचारी संगठनों ने इसका विरोध शुरू कर दिया है। संगठनों ने मुख्यमंत्री और राज्य शासन से मांग की है कि अनुकंपा नियुक्ति व्यवस्था समाप्त करने के किसी भी प्रस्ताव पर आगे बढ़ने के बजाय कर्मचारी प्रतिनिधियों से चर्चा की जाए तथा इस मानवीय व्यवस्था को और अधिक सरल एवं प्रभावी बनाया जाए।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा सहित विभिन्न कर्मचारी नेताओं का कहना है कि शासकीय सेवा के दौरान किसी कर्मचारी या अधिकारी की आकस्मिक मृत्यु होने पर उसके आश्रित परिवार को अनुकंपा नियुक्ति देना केवल रोजगार उपलब्ध कराने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में परिवार को आर्थिक संबल प्रदान करने का माध्यम है। कर्मचारी की मृत्यु के बाद परिवार के सामने आय का प्रमुख स्रोत समाप्त होने के साथ बच्चों की शिक्षा, भरण-पोषण और अन्य जिम्मेदारियों का संकट खड़ा हो जाता है। ऐसी स्थिति में अनुकंपा नियुक्ति परिवार को संभलने और आत्मनिर्भर बनने का अवसर देती है।

मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग

इस संबंध में छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा, मंत्रालयीन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष चंद्रकांत पाण्डेय, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, चंद्रशेखर तिवारी, लिपिक वर्ग के प्रांत अध्यक्ष रोहित एवं संजय सिंह और विभागाध्यक्ष कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जय कुमार साहू सहित विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री और शासन से हस्तक्षेप की मांग की है।

व्यवस्था समाप्त हुई तो होगा व्यापक विरोध

कर्मचारी संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार अनुकंपा नियुक्ति की व्यवस्था समाप्त करने या उसे कमजोर करने का निर्णय लेती है, तो इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। संगठनों का कहना है कि ऐसा कदम हजारों प्रभावित परिवारों के भविष्य पर प्रतिकूल असर डाल सकता है और कर्मचारी हितों के प्रति शासन की संवेदनशीलता पर भी सवाल खड़े करेगा। कर्मचारी नेताओं ने कहा, शासकीय कर्मचारी पूरी निष्ठा और समर्पण से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं। सेवाकाल के दौरान उनकी आकस्मिक मृत्यु होने पर उनके परिवार को बेसहारा छोड़ना उचित नहीं है। अनुकंपा नियुक्ति की व्यवस्था को समाप्त करने के बजाय इसकी प्रक्रिया को सरल और अधिक प्रभावी बनाया जाना चाहिए।

सड्डु के शांति सरोवर से रिंग रोड 2 तक 5 किलोमीटर लंबी एमआर 43 सड़क

लभांडी-कचना, सड्डु योजना में 50 दावा आपत्तियां, सुनवाई के लिए कमेटी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण की लभांडी-कचना स्मू नगर विकास योजना में अंतिम भूखंड आवंटन प्रस्ताव को लेकर मंगाई गई दावा आपत्ति में 50 आपत्तियां आई हैं। इन आपत्तियों पर सुनवाई के लिए कमेटी गठित की गई है। समिति में जिला प्रशासन के अधिकारी, नगर निवेश विभाग और आरडीए के अधिकारी को शामिल किया गया है। समिति निर्धारित तारीख तक प्राप्त इन दावा-आपत्तियों को सूचीबद्ध कर इसकी सुनवाई करेगी। लभांडी, कचना सड्डु नगर विकास योजना में करीब 275 से अधिक भूमि स्वामियों से जमीन अधिग्रहित किया जाना है, इसके बदले उन्हें 40 फीसदी विकसित जमीन देने का प्रस्ताव है।

दरअसल, राजधानी के आउटर के वार्ड में शामिल सड्डु के शांति सरोवर से रिंग रोड 2 तक सुगम आवागमन के लिए 5 किलोमीटर लंबी एमआर 43 फोरलेन सड़क बनेगी। इस नई सड़क के बन जाने से मुख्य रूप से लभांडी, कचना और सड्डु क्षेत्र आपस में जुड़ेगा। निर्माण व योजना का विकास रायपुर विकास प्राधिकरण करेगा। सड़क के दोनों किनारों पर रायपुर विकास प्राधिकरण लभांडी और कचना क्षेत्र में माता कौशिल्या विहार मॉडल पर नई कालोनी विकसित करेगा। इसके लिए प्राधिकरण ने पहले ही नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। नई फोरलेन सड़क बनने से 2.50 लाख लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। कोटियार्ड मैरियेट हॉल से कचना होते हुए सड्डु व शांति सरोवर तक लोगों का पहुंचना आसान हो जाएगा। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक एमआर 43 नाम से बनने वाली नई सड़क का करीब 3 किलोमीटर हिस्सा ग्रीनलैंड होने के कारण रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा बनाया जाएगा, जबकि 2 किलोमीटर का निर्माण लोक निर्माण विभाग करेगा। सड़क निर्माण के लिए सर्वे का कार्य पूरा हो गया है।

नई योजना में 275 से अधिक भूमि स्वामियों से जमीन अधिग्रहित किया जाना है, बदले में उन्हें 40 फीसदी विकसित जमीन देने का प्रस्ताव



10 अक्टूबर तक मंगाई थी दावा आपत्ति

आरडीए की बेवसाइट पर योजना के तहत अंतिम भूखंड आवंटन सूची संबंधी सूचना 16 सितंबर को प्रकाशित की गई थी। इस पर 10 अक्टूबर तक प्रभावितों से दावा आपत्ति आमंत्रित की गई। समय सीमा समाप्त होने पर करीब 50 आपत्तियां आईं। प्राधिकरण द्वारा दावा आपत्तियों को सूचीबद्ध किया जा रहा है। प्राधिकरण के सीईओ अवनीश कुमार शरण ने हरिभूमि को बताया, दावा आपत्तियों की सुनवाई के लिए कमेटी का गठन किया गया है, जो कि इसकी सुनवाई करेगी। हालांकि इसके लिए कोई समय-सीमा तय नहीं है, लेकिन जल्द ही इसकी सुनवाई करने का पूरा प्रयास किया जाएगा, ताकि प्रस्तावित क्षेत्र में सड़क सहित अन्य निर्माण कार्य किया जा सके।

100 करोड़ की अनुमानित लागत, नई सड़क से इन इलाकों को राहत

लोक निर्माण विभाग और रायपुर विकास प्राधिकरण की संयुक्त कार्य योजना के तहत शहर के तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों में सुगम यातायात और बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए बजट के साथ प्रस्ताव तैयार किया गया है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक इस नई फोरलेन सड़क की अनुमानित लागत 100 करोड़ की आंकी गई है। नई सड़क बनने से वीआईपी स्टेट, अशोका रतन, कचना स्थित हाउसिंग बोर्ड, पिरदा, बाराडेरा,जोरा, चंडीनगर, पावर्तीनगर, भावना नगर जैसे इलाके के लोगों को सहूलियत मिलेगी। वहीं शहर के आधा दर्जन से अधिक वार्डों के करीबन 2:50 लोग सीधे रिंग रोड से जुड़ सकेंगे।

शांति शिखर में सजाई गई नौ देवियों की जीवंत है झांकी

रायपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा नवा रायपुर के सेक्टर-20 स्थित शान्ति शिखर में सजाई गई चैतन्य देवियों की झाँकी का शुभारंभ नगरीय निकाय के प्रमुख सचिव (आईएएस) सोनमणि बोरा, एनआरडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (आईएएस) चंदन कुमार, 155 इन्फेन्ट्री बटालियन के कर्नल राजकुमार बिश्नोई, रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी और ब्रह्माकुमारी रश्मि दीदी ने दीप जलाकर किया। प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने झाँकी की प्रशंसा करते हुए कहा कि चैतन्य देवियों की झाँकी अत्यन्त दर्शनीय एवं जीवन्त है। इसी दौरान ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने बताया कि यह झांकी प्रतिवर्ष नवरात्रि पर शान्ति शिखर भवन में लगाई जाती है। चैतन्य होने के कारण जनता इसको खूब पसन्द करती है। यह झाँकी शान्ति शिखर नवा रायपुर में 20 अक्टूबर तक रहेगी।





450 करोड़ रुपए राजस्व वसूली का मिला टारगेट, 5 माह में 89 करोड़ की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने वर्ष 2026-27 के लिए राजस्व महकमे को 450 करोड़ रुपए की सालाना राजस्व वसूली का टारगेट दिया है। इसके विरुद्ध नगर निगम के दस जोन के राजस्व विभाग ने 5 महीने में 89 करोड़ रुपए की बकाया राजस्व वसूली कर ली है। अब निगम प्रशासन का मुख्य फोकस व्यावसायिक श्रेणी के बड़े बकायादारों पर है, जिनसे नगर निगम को बकाया संपत्ति कर वसूली के रूप में 80 करोड़ रुपए की राशि वसूलनी है। इसके लिए महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त संबित मिश्रा के आदेश और उपायुक्त राजस्व डॉ. अंजलि शर्मा के निर्देश पर दस जोन में विशेष राजस्व वसूली अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत राजस्व महकमे ने व्यावसायिक श्रेणी के बड़े बकायादारों से अब तक 25 करोड़ का बकाया संपत्ति कर वसूला है। नगर निगम के राजस्व महकमे को इस वित्तीय वर्ष में बकाया संपत्ति कर सहित अन्य करों के रूप में दस जोन के 70 वार्डो में रहने वाले आवासीय और व्यावसायिक श्रेणी के करदाताओं से 450 करोड़ की राजस्व वसूली करने का लक्ष्य मिला है। अब तक निगम के राजस्व विभाग ने 89 करोड़ रुपए बकाया राजस्व के रूप में वसूली कर ली है। इनमें से सिर्फ संपत्ति कर की वसूली के रूप में 1 मई 2026 से 30 सितंबर 2026 तक निर्धारित लक्ष्य की 24 फीसदी राशि वसूली कर ली है, जबकि यूजर चार्ज के रूप में 15 फीसदी से अधिक की राशि, जलकर के रूप में 13.65 फीसदी बकाया राशि की वसूली करदाताओं से की गई है।

खास खबर

4200 बड़े बकायादारों को तीन श्रेणी में दस जोन से किया चिन्हित, 80 करोड़ बकाया पर फोकस

व्यावसायिक श्रेणी के बड़े बकायादारों से बकाया राजस्व वसूली के लिए विशेष अभियान



व्यावसायिक श्रेणी के 4200 बड़े बकायादारों को किया सूचीबद्ध

नगर निगम की उपायुक्त राजस्व डॉ. अंजलि शर्मा ने सालों से बकाया संपत्ति कर की वसूली तेज करने शहर में व्यावसायिक श्रेणी के बड़े बकायादारों से राजस्व वसूली को फोकस करते हुए नगर निगम के दस जोन में विशेष राजस्व वसूली अभियान चलाया है। इसमें 50 हजार से अधिक 2585 बकायादार, 1 लाख रुपए से अधिक राशि वाले 1200 बड़े व्यावसायिक बकायादार और 2 लाख रुपए से अधिक बकाया संपत्ति कर राशि वाले 415 बड़े बकायादारों को दस जोन में सूचीबद्ध कर संबंधित जोन के माध्यम से बकाया संपत्ति कर जमा करने तीन बार नोटिस जारी किया। इनमें से कुछ बकाया करदाता ऐसे हैं, जिन्होंने 1997-98 से नगर निगम को बकाया संपत्ति कर का भुगतान नहीं किया है। इसके अलावा 2011 से 2014 तक के बड़े व्यावसायिक संपत्तिकर दाता इसमें शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक इन 4200 बड़े बकायादारों से नगर निगम को 80 करोड़ रुपए की राशि बकाया संपत्ति कर के रूप मिलनी है। दस जोन में चलाए जा रहे विशेष राजस्व वसूली अभियान के तहत अब तक इन बकायादारों से 25 करोड़ की बकाया राजस्व वसूली की जा चुकी है।

खबर संक्षेप



लायंस क्लब ने एम्स के बाहर 400 लोगों को कराया भोजन

रायपुर। लायंस क्लब रायपुर सीनियर की ओर से अलग-अलग समय और शहरों में जरूरतमंदों और एम्स या अन्य बड़े अस्पतालों के बाहर आने वाले मरीजों व उनके परिजनों के लिए भोजन वितरण के कार्यक्रम चलाए जाते हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को लायंस क्लब रायपुर सीनियर द्वारा एम्स गेट के बाहर निराहार को आहार देने के लिए प्रतिदिन करीब 400 लोगों को भोजन कराया जाता है एवं अस्पताल में भर्ती परिवार के लिए टिफिन में भी भोजन दिया जाता है। इस मौके पर लायन डॉ निरंजन हरितवाल ने बताया कि यह सेवा लायंस परिवार के सदस्यों के जन्म दिन शादी की साल गिरह के अवसर पर सेवा दी जाती है। इसमें हमारे क्लब के अध्यक्ष दीपक सिन्हा, सचिव लायन प्यारेलाल अग्रवाल, सुनील गुप्ता, लायन संतोष गुप्ता, लायन गोपेश, लायन दिवाकर अवस्थी, लायन महेश अग्रवाल आदि सदस्यों द्वारा सेवाएं दी जाती है। यह भोजन सेवा एक आदमी सेवा समिति के साथ मिलकर की जाती है।

'राष्ट्रीय डाक सप्ताह' मेल्स और पार्सल्स दिवस आज

रायपुर। भारतीय डाक विभाग द्वारा 9 से 15 अक्टूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाया जा रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल के सभी संभागीय कार्यालयों में प्रतिदिन विषयवार कार्यकम आयोजित किए जाते है। इसी कड़ी में 14 अक्टूबर को मेल्स एवं पार्सल्स दिवस मनाया जाएगा, जिमसें ग्राहको से संवाद कर डाक विभाग की विभिन्न मेल्स एवं पार्सल्स सेवाओं के संबंध में जानकार, समस्याओं और सुझावों पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के दूसरे दिन 15 अक्टूबर को प्रौद्यागिकी एवं नवाचार दिवस के अवसर पर डाकघरों में प्रवर्तित नई तकनीकियों पर क्विज का आयोजन किया जाएगा। विश्व डाक दिवस का उददेश्य लोगों और व्यवसायों के दैनिक जीवन में डाक विभाग की भूमिका और वैश्विक, सामाजिक और आर्थिक विकास में डाक की भूमिका के बारे में जागरुकता पैदा करना है।

कैंसर अस्पतालों से मांगा गया खरीदी-बिक्री का रिकार्ड, कई मेडिकलों को नोटिस

कैंसर दवाओं की कीमत जांच के दायरे में, निजी हास्पिटल और दवा दुकानों में पहुंचा एफडीए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैंसर दवाओं की कीमतों पर लगातार उठ रहे सवाल के बीच छत्तीसगढ़ की खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम भी जांच के लिए फील्ड पर उतर गई है। इस बीमारी का इलाज करने वाले तमाम निजी अस्पताल और दवा दुकानों में जांच शुरू की गई है। हास्पिटलों से दवा खरीदी-बिक्री का रिकार्ड मांगा गया है और कई मेडिकलों को नोटिस थमाया गया है। दस्तावेजों की जांच के दौरान दवाओं की कीमतों में अंतर मिलता है, तो संबंधित संस्थान अथवा प्रतिष्ठान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

- दस्तावेजों की जांच, खरीदी-बिक्री की कीमतों में मिला अंतर तो होगी सख्त कार्रवाई

कैंसर की दवाओं की कीमतों में भारी अंतर पर सुप्रीम कोर्ट नाराजगी जाहिर कर चुकी है। छत्तीसगढ़ का स्वास्थ्य विभाग भी इस मामले में सक्रिय हो गया है और मरीजों को उपलब्ध कराई जाने वाली दवाओं की कीमत को जांच के दायरे में लाया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के नियंत्रक राजेन्द्र कटारा के निर्देश पर विभागीय टीम कैंसर का इलाज करने वाले निजी अस्पतालों में जाकर दवा खरीदी की कीमत और मरीजों से वसूली जाने वाली राशि की जांच कर रही है। सोमवार से चलाए जा रहे अभियान के दौरान कैंसर का इलाज करने वाले निजी हास्पिटल और दवा दुकानों में एफडीए की टीम पहुंच रही है। इस दौरान अस्पतालों से खरीदी-बिक्री से संबंधित दस्तावेज मांगे जा रहे हैं और दवा दुकानों से मौजूदा स्टॉक सहित अन्य नियमों के बारे में पूछा जा रहा है। दो दिन में करीब दो सौ दवा दुकान और कई निजी अस्पतालों की जांच के दौरान दस्तावेजों की जांच के लिए नोटिस थमाया गया है।



कैंसर हॉस्पिटल और 26 मेडिकल में जांच टीम

मंगलवार को राजधानी के एक बड़े निजी हास्पिटल और जिले की 26 दुकानों में एफडीए की टीम जांच के लिए पहुंची। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में आयातित कैंसररोधी औषधियों तथा उनकी उच्च कीमतों से संबंधित विषयों की जांच की गई। इस क्रम में संबंधित दवाओं के आयात, क्रय-विक्रय एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों जांच की जा रही है। इसके अलावा औषधि निरीक्षक ईश्वरी नारायण सिंह, नीरज साहू, डा. सुरेश कुमार साहु तथा डा. टेकचंद धीरहे की टीम ने जिले के 26 मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आधा दर्जन मेडिकल स्टोर में अनियमितता पाए जाने पर संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इन संस्थानों के खिलाफ स्पष्टीकरण मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

स्वास्थ्य मंत्री और सचिव के निर्देश

कैंसर की दवाओं के नाम पर मरीजों से ज्यादा रकम की वसूली को रोकने के लिए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया ने गंभीरता दिखाई है। दो दिन पहले खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों की बैठक लेकर छत्तीसगढ़ में इस प्रकार के मामलों को रोकने सघन जांच के निर्देश दिए हैं। कैंसर दवाओं कई खरीदी और मरीजों को उपलब्ध कराने की असामान्य कीमतों पर आने वाली शिकायतों के आधार पर सुप्रीम कोर्ट भी नाराजगी जाहिर कर चुकी है।

अनियमितता पर सख्त कार्रवाई

औषधियों की गुणवत्ता, वैधता, मूल्य संबंधी नियमों के अनुपालन तथा जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह निरीक्षण किया जा रहा है। जांच में किसी प्रकार की अनियमितता अथवा प्रचलित नियमों का उल्लंघन पाया जाता है, तो प्रावधानों के अनुसार नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

- बीआर साहू,
राज्य नियंत्रक प्राधिकारी, खाद्य एवं औषधि प्रशासन

ई-वे बिल नियमों में राहत की मांग, कैट ने जीएसटी कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैट ने ई-वे बिल नियमों में राहत की मांग करते हुए जीएसटी कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा है। एक जिले के भीतर माल परिवहन पर छूट और आवश्यक वस्तुओं के लिए सरल नियम लागू करने का आग्रह करते हुए कैट के राष्ट्रीय चेयरमैन अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव और प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से कहा कि छत्तीसगढ़ में व्यापारिक गतिविधियों को और अधिक सरल, सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के लिए ई-वे बिल नियमों में व्यावहारिक सुधार किए जाने की आवश्यकता है। कैट का मानना है कि व्यापारियों को अनावश्यक प्रक्रियागत जटिलताओं से राहत देकर और कर अनुपालन को सरल बनाकर प्रदेश में व्यापार, उद्योग और आर्थिक गतिविधियों को नई गति प्रदान की जा सकती है। राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा व्यापार को प्रोत्साहित करने तथा ईज ऑफ डुइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। इसी दिशा में ई-वे बिल व्यवस्था को अधिक व्यावहारिक और व्यापार-अनुकूल बनाना एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। कैट छत्तीसगढ़ ने सुझाव दिया कि एक ही जिले के भीतर, विशेषकर एक ही शहर अथवा नगर में होने वाले माल के परिवहन के लिए निर्धारित शर्तों के अंतर्गत ई-वे बिल से पूर्ण छूट देने पर विचार किया जाना चाहिए। इससे स्थानीय स्तर पर माल की आपूर्ति करने वाले छोटे एवं मध्यम व्यापारियों को राहत मिलेगी। वहीं दस्तावेजी औपचारिकताओं में कमी आएगी और व्यापारिक कार्यों में तेजी आएगी। इसी तरह दवाइयों एवं चिकित्सा उपकरणों, कृषि उपकरणों एवं कृषि निवेश सामग्री, ताजे फल-सब्जियों, दूध एवं दुग्ध उत्पादों, खाद्य पदार्थों, पुस्तकों, नोटबुक एवं शैक्षणिक सामग्री जैसी आवश्यक वस्तुओं के परिवहन के लिए राज्य के भीतर उपयुक्त एवं न्यूनतम प्रतिबंधों वाली व्यवस्था विकसित की जाए।कैट के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने कहा कि हमारा उद्देश्य शासन और व्यापारियों के बीच संवाद, सहयोग को मजबूत करना तथा छत्तीसगढ़ को व्यापार एवं उद्योग के लिए और अधिक सुगम, पारदर्शी एवं अनुकूल प्रदेश बनाने की दिशा में रचनात्मक योगदान देना है। इस अवसर पर प्कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, जीवत बजाज, अवनीत सिंह भाटिया, विजय पटेल,राम मंधान भारत जैन, राकेश ओचवानी, शंकर बजाज,दीपक विधानी, कन्हैया गुप्ता, कांति पटेल, रतन सिंह एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

नशीली गोलियों की खरीदी-बिक्री करने वाले 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में प्रतिबंधित नशीले टेबलेट की खरीदी-बिक्री का कारोबार थम नहीं रहा है। पुलिस लगातार नशे के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है, इसके बाद भी शहर में इससे जुड़े कारोबार के मामले कम नहीं हो रहे। शहर में सोमवार को अलग-अलग दो जगहों से पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 353 प्रतिबंधित नशीले टेबलेट, कैश 290 रुपए, एक वाहन तथा 2 मोबाइल जब्त किया है। इन सभी की कीमत 2 लाख 41 हजार से अधिक है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स, एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट एवं पुरानी बस्ती एवं देवेन्द्र नगर पुलिस ने संयुक्त रूप से इन दोनों मामलों में कार्रवाई की है। इनमें से एक प्रकरण में एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पुरानी बस्ती अंतर्गत कुशालपुर स्थित पहाड़ी तालाब के पास एक व्यक्ति प्रतिबंधित नशीला टेबलेट बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना पर टॉस्क फोर्स, साइबर यूनिट एवं पुरानी बस्ती पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी अभय मिश्रा 23 वर्ष निवासी प्रोफेसर कालोनी रायपुर को पकड़ा। उसके कब्जे से एक थैला बरामद किया, जिसमें निट्राजेपम (नाइट्रोसन-10) बरामद किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि टेबलेट बिलासपुर निवासी एक व्यक्ति से खरीदकर लाया है तथा पुरानी बस्ती निवासी राहुल सिंह ठाकुर उर्फ पंकज ठाकुर 35 वर्ष निवासी कुशालपुर को बिक्री किया है। इसके बाद पुलिस ने पंकज ठाकुर को भी गिरफ्तार किया। इस तरह दोनों आरोपियों के कब्जे से 170 प्रतिबंधित नशीला टेबलेट नाईट्रोसन-10 एवं एक स्कूटी तथा 2 आइफोन मोबाइल जब्त किया है। इस प्रकरण में जिस व्यक्ति से टेबलेट खरीदा गया है, वह अभी फरार है। पुलिस उसे ढूंढ रही है।



मंडी के सामने दो गिरफ्तार इनमें एक आदतन अपराधी

टॉस्क फोर्स, साइबर यूनिट एवं देवेंद्र नगर पुलिस की संयुक्त टीम ने भी मुखबिर की सूचना पर मंडी के सामने देवेंद्र नगर रोड के किनारे दो लोगों को प्रतिबंधित नशीला टेबलेट बेचने के लिए ग्राहक तलाशते हुए गिरफ्तार किया है। इनमें एक का नाम सोमनाथ यादव उर्फ सोमू 39 वर्ष निवासी गंगा नगर पंडरी एवं दूसरा पुष्पेन्द्र देवांगन 22 वर्ष निवासी पंडरी तालाब के पास है। तलाशी लेने पर इन दोनों के कब्जे से 183 प्रतिबंधित नशीला टेबलेट नाईट्रोसन-10 एवं बिक्री रकम 290 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने इन दोनों प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध धारा 21(बी) नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

सोमनाथ आदतन अपराधी : आरोपियों में सोमनाथ आदतन अपराधी प्रवृत्ति का है। उसके विरुद्ध पूर्व में देवेंद्र नगर थाना में हत्या के प्रयास एवं आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध हैं। इन प्रकरणों में वह जेल भी जा चुका है।

सीएम हाउस के सामने युवक का हंगामा

पुलिस ने कहा- मानसिक रोगी, पकड़कर किया परिजनों के हवाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के सिविल लाइंस स्थित मुख्यमंत्री निवास के सामने मंगलवार को एक युवक ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान युवक ने मुख्यमंत्री निवास में घुसने का भी प्रयास किया, जिसे वहां तैनात सुरक्षा पुलिस कर्मियों ने रोकते हुए पहले उसे हिरासत में लिया।

बाद में जांच में पता चला कि युवक मानसिक रोगी है तथा दवा का सेवन नहीं करने के कारण उसकी मानसिक स्थिति बिगड़ गई थी। इस वजह से वह इस तरह की हरकतें कर रहा था। पुलिस ने इसके बाद युवक के खिलाफ कोई कार्रवाई किए बिना उसे उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

सोशल मीडिया में विडियो वायरल

मुख्यमंत्री निवास के बाहर जिस जगह पर डायल 112 वाहन की टीम खड़ी थी, उस जगह पर एक युवक पहुंचा और अचानक मुख्यमंत्री निवास के अंदर प्रवेश करने लगा, जिसे यहां तैनात एक पुलिस कर्मी ने पहले रोकने का प्रयास किया। इस बात पर पर युवक, पुलिस कर्मी के साथ ही भिड़ गया और उसके साथ हाथ-पाई करने लगा। इसे देखते हुए पुलिस कर्मी को भी बल प्रयोग करना पड़ा तथा पहले डंडा से वारकर उसे भगाने का प्रयास किया। इसके बाद भी जब वह नहीं माना, तो पुलिस कर्मी ने उसे हिरासत में लेकर इसकी जानकारी आला अधिकारियों को दी। इस बीच किसी ने इस घटना का विडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।

मानसिक रोगी निकला युवक

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त तारकेश्वर पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री निवास के सामने हंगामा करने वाले युवक का नाम निखिल परगनिया है, जो सुंदरनगर का निवासी है। घटना के बाद युवक की मानसिक स्थिति सही लगने पर उसके परिजनों को बुलाया गया था। परिजनों ने बताया कि निखिल की मानसिक स्थिति सही नहीं है, जिसका इलाज चल रहा है। हर दिन उसे दवा खिलाई जाती है, लेकिन आज वह दवा खाए बिना ही घर से निकल गया था।

चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा- व्यापारियों को मिली बड़ी राहत

दीपावली तक यूपीआई पर एमडीआर शुल्क टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दीपावली एवं आगामी त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा यूपीआई मर्चेंट ट्रांजेक्शन पर लगने वाले एमडीआर शुल्क को दीपावली बाद तक स्थगित करने के निर्णय का छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने स्वागत किया है।

चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि त्योहारी सीजन व्यापार जगत के लिए वर्ष का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। धनतेरस और दीपावली के दौरान खुदरा और थोक बाजारों में करोड़ों रुपये का डिजिटल लेन-देन होता है। ऐसे महत्वपूर्ण समय में यूपीआई लेन-देन पर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क लागू होने से न केवल व्यापारियों पर वित्तीय भार पड़ता, बल्कि डिजिटल लेन-देन को अपनाने वाले आम उपभोक्ताओं और कैशलेस अर्थव्यवस्था की रफ्तार भी प्रभावित होती। उन्होंने कहा कि जैसे ही इस शुल्क को लेकर व्यापारियों के बीच चिंताएं सामने आईं, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए व्यापारियों की भावनाओं को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चैधरी के समक्ष तथ्यात्मक रूप से रखा। व्यापारियों की मांग और बाजार की परिस्थितियों को संवेदनशीलता से समझते हुए केंद्र और राज्य सरकार और संबंधित नियामक समिति ने त्वरित निर्णय लेते हुए इस शुल्क को दीपावली तक के लिए स्थगित किया है। इस राहतकारी निर्णय के लिए चैंबर परिवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा राज्य के वित्त मंत्री ओपी चैधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री थौरानी ने स्पष्ट किया कि यद्यपि यह निर्णय फिलहाल त्योहारी सीजन तक राहत प्रदान करता है, लेकिन छत्तीसगढ़ चैंबर छोटे, मध्यम एवं खुदरा व्यापारियों के हितों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह संकल्पित है। डिजिटल इंडिया अभियान की मूल भावना को बनाए रखने तथा व्यापारियों पर किसी भी प्रकार का अनुचित वित्तीय भार न पड़े, इसके लिए दीपावली के बाद भी चैबर केंद्र सरकार और संबंधित विभागों के साथ निरंतर संवाद स्थापित कर स्थायी समाधान के लिए अपना पक्ष मजबूती से प्रस्तुत करेगा।



एमआईसी की अनुमति बगैर डूंडा में फिल्टर प्लांट के टेंडर पर महापौर भड़कीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर मीनल चौबे ने मंगलवार को गांधी सदन में जल बोर्ड और जल कार्य विभाग की बैठक ली। बैठक के दौरान महापौर ने अफसरों पर जमकर नाराजगी जताते हुए कहा कि डूंडा में प्रस्तावित नए फिल्टर प्लांट का बिना एमआईसी की बैठक में लाए कैसे टेंडर हो गया? बैठक में जल कार्य विभाग अध्यक्ष संतोष साहू सहित जोन अध्यक्षगण और अन्य पार्षद मौजूद रहे।

दरअसल, रायपुर शहर का पिछले कुछ सालों में जिस तरह से आबादी बढ़ती चली जा रही है, भाठागांव स्थित पुराना प्लांट से सभी हिस्सों में शुद्ध जल की आपूर्ति हो पाना संभव नहीं है। यही वजह है कि नगर निगम द्वारा डूंडा में नए फिल्टर प्लांट का निर्माण करवाया जा रहा है। हाल ही में 183 करोड़ की लागत से बनने जा रहे नए फिल्टर प्लांट के टेंडर होने की जानकारी मिलने पर महापौर सहित एमआईसी सदस्यों में चर्चा का दौर शुरू हो गया। एमआईसी सदस्यों और पार्षदों की नाराजगी आने के बाद महापौर मीनल चौबे ने मंगलवार को निगम मुख्यालय में जल बोर्ड और जल कार्य विभाग की बैठक में इस बात पर नाराजगी जताते हुए सवाल उठाया।



